य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 20 | अंक 227 | पृष्ठ 12 | मूल्य 5.00 | नई दिल्ली, शनिवार, 08 मार्च, 2025 | फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी, संवत् 2081

नई दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# राजस्थान पत्रिका

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

**अजब बयान**

## एक-दूसरे से प्यार... सुनीता को लेकर क्या बोल गए ट्रंप

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वॉशिंगटन.** अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की बातों का कई बार मतलब निकालना मुश्किल होता है। ट्रंप ने अब भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को लेकर गुरुवार को कहा कि इतने समय तक अंतरिक्ष में साथ रहने के बाद उन्हें अपने साथी एस्ट्रोनॉट बुच विल्मोर से प्यार हो गया होगा...। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि सुनीता विलियम्स व बुच को जल्द वापस लाया जाएगा। इसके लिए एलन मस्क को कहा गया है। ट्रंप ने सुनीता विलियम्स के बालों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, मैं उस महिला को देख रहा हूं जिसके बाल बहुत घने और सुंदर हैं। गौरतलब है कि दोनों यात्री पिछले साल जून में अंतरिक्ष स्टेशन फंसे हुए हैं। उन्होंने इस स्थिति के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन को जिम्मेदार ठहराया।

## न्यूज विंडो

### ■ भूस्खलन से चीन सीमा पर पुल टूटा

**चमोली@ पत्रिका.** उत्तराखंड के चमोली जिले में भारत-चीन बॉर्डर पर गुरुवार देर रात भूस्खलन से 52 फीट लंबा पुल ढह गया। इसे सेना की आवाजाही के लिए बीआरओ ने बनाया था। पुल टूटने से मलारी हाईवे बाधित हो गया। इससे पहले भारी बारिश से बुधवार को चमोली के गोविंद घाट के पास हेमकुंड साहिब को जोड़ने वाला पुल टूटा था।

### ■ सुप्रीम कोर्ट: अंसारी को अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी विधायक अब्बास अंसारी को राज्य के गैंगस्टर कानून के तहत दर्ज एक मामले में अंतरिम जमानत दी है। अंसारी से लखनऊ स्थित उनके सरकारी आवास से बाहर न निकलने और मऊ निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने से पहले अदालत की अनुमति लेने के लिए कहा गया है।

### ■ इलाहाबादिया अब सोचकर ही बोलेगा

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' को लेकर विवादों से घिरे रणवीर इलाहाबादिया समेत अन्य कंटेंट क्रिएटर्स राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष पेश हुए। रणवीर ने बयानों पर खेद जताते हुए कहा कि उसने अब 'सोचकर ही बोलने की कसम' खाई है।

### ■ बब्बर खालसा के 3 आतंकी गिरफ्तार

**चंडीगढ़@ पत्रिका.** जालंधर में पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के 3 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये पंजाब में वारदात की फिराक में थे। जगरूप सिंह, सुखजीत सिंह और नवप्रीत सिंह नाम के इन आतंकियों से हथियार व कारतूस मिले हैं।



'शरीर ही ब्रह्माण्ड' में आज **शक्ति के विज्ञान-भाव** पढ़ें@पत्रिकायन

**पड़ोस ने दिखाई नरमी :** संबंध सुधरे तो दुनिया में आएगा बड़ा बदलाव

# अमरीका से झटका खाए चीन ने भारत की ओर बढ़ाया हाथ

## एक-दूसरे की सफलता में साझेदार बनने को तैयार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बीजिंग/ नई दिल्ली.** अमरीका राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के ट्रेड वॉर शुरू करने के बाद चीन ने भारत की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। चीन ने कहा कि यदि दोनों देश आपस में प्रतिस्पर्धा करने की बजाय दोस्ती का हाथ बढ़ाएं तो वैश्विक व्यापारिक संबंधों में बड़ा बदलाव आ सकता है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने शुक्रवार नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी कहा कि दोनों देशों को एक-दूसरे की सफलता में साझेदार बनना चाहिए। एशिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं मिल जाएं तो ग्लोबल साउथ का विकास होगा। चीन भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है।

वांग यी ने कहा, 'एक दूसरे को नीचा दिखाने के बजाय समर्थन करना व एक दूसरे से बचने के बजाय सहयोग को मजबूत करना हमारे बुनियादी हितों में है।' चीन की इस पेशकश के बाद भारत की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। माना जा रहा है कि अमरीका से झटका खाने के बाद चीन ने रुख में नरमी आई है। ट्रंप ने जिन देशों पर टैरिफ बढ़ाने की घोषणा की है, उनमें चीन भी शामिल है। भारत अभी टैरिफ वार के प्रभाव में नहीं आया है पर ट्रंप बार-बार भारत का जिक्र कर टैक्स बढ़ाने की बात कह चुके हैं। भारत इस प्रभाव को कम करने के लिए वार्ता कर रहा है।

### ड्रैगन और हाथी का साथ-साथ नाचना ही एकमात्र सही विकल्प



ड्रैगन और हाथी का नाचना ही एकमात्र सही विकल्प है। 'एक दूसरे को नीचा दिखाने के बजाय समर्थन करना और एक दूसरे से बचने के बजाय सहयोग को मजबूत करना हमारे बुनियादी हितों में हैं।'

**वांग यी**, चीन के विदेश मंत्री

### हमारे पास 'ग्लोबल साउथ' के विकास की जिम्मेदारी

- चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और चीन के संबंधों में 'सकारात्मक प्रगति' हुई है। **पूर्वी लद्दाख में चार साल तक चले गतिरोध के पिछले वर्ष समाप्त** होने के बाद सभी स्तरों पर अच्छे नतीजे मिले हैं।
- विदेश मंत्री ने कहा कि **हमें द्विपक्षीय संबंधों को कभी भी सीमा के सवाल या विशेष मतभेदों से परिभाषित नहीं होने देना चाहिए**, जिससे हमारे द्विपक्षीय प्रभावित हो।
- उन्होंने कहा कि **हमारे पास 'ग्लोबल साउथ' के लिए अग्रणी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी है।** 'ग्लोबल साउथ' में अफ्रीका, एशिया व लैटिन अमरीका के अविकसित देश हैं।

### हम सकारात्मक दिशा में: जयशंकर

**भारतीय** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा था कि भारत सरकार चीन के साथ संबंधों के लिए 'अनुमान से अधिक सकारात्मक दिशा' में काम कर रही है। इसके लिए उठाए जाने वाले कदमों में चीन के नियंत्रण वाले स्थलों की तीर्थयात्रा फिर से शुरू करना, सीधी उड़ानें और पत्रकारों का आदान-प्रदान शामिल होगा।

**ट्रेड डील पर नजर**

## अनिश्चितता से तनाव में हैं भारतीय कारोबारी

**नई दिल्ली.** भारत और अमरीका के बीच कृषि उत्पादों पर टैरिफ को लेकर अनिश्चितता के कारण भारतीय निर्यातक और अन्य व्यापारी तनाव में हैं। दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल इन दिन अमरीका की यात्रा पर हैं। कारोबारी द्विपक्षीय वार्ताओं पर करीब से नजर बनाए हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों सरकारें बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में हैं।

### इन पर होनी है ट्रेड डील

दोनों देशों में टैरिफ (2024 के अनुसार)

| सामान | भारत (%) | अमरीका |
|---|---|---|
| सेब | 50.00 | 0 |
| सोयाबीन सीड | 49.50 | 0 |
| क्रूड सोया ऑयल | 5.50 | 19.10% |
| मक्का | 55.00 | 0- 0.5 सेंट/किलो |
| गेहूं | 44.00 | 0.65 सेंट/किलो |
| डेयरी प्रोडक्ट | 36-60 | 0.34 सेंट/किलो |
| स्किम्ड मिल्क पाउडर | 60 | 3.3 सेंट/किलो(कोटा) |
| कॉटन | 11.00 | 0 |
| डक मीट | 8.80 | 8.8 सेंट/किलो |
| वन्नामेई झींगा | 30 | 0 |
| बासमती चावल | 70 | 11.2/1.4 सेंट/किलो |

### भारत से अमरीका निर्यात होने वाले

| आइटम | 2022- 23 | 2023- 24 |
|---|---|---|
| वन्नामेई झींगा | 1.76 | 1.72 |
| अन्य झींगा | 0.49 | 0.40 |
| बासमती चावल | 0.23 | 0.30 |
| मसाला अर्क | 0.20 | 0.21 |
| अन्य खाद्य सामग्री | 0.14 | 0.18 |

सभी आंकड़े अरब डॉलर में

**झटका :** स्पेसएक्स का रॉकेट हवा में टूटकर बिखर गया



**फ्लोरिडा.** दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स को एक बार फिर झटका लगा है। गुरुवार को स्पेसएक्स ने लॉन्च के कुछ मिनट बाद ही अंतरिक्ष में अपने स्टारशिप रॉकेट से संपर्क खो दिया। इसके बाद रॉकेट आसमान में फट गया और ये मलबे में तब्दील हो गया। इस मिशन की लाइव स्ट्रीम में अंतरिक्ष में स्टारशिप के टूटने के बाद दक्षिण फ्लोरिडा और बहामास के पास आसमान से गिरता रॉकेट का मलबा। स्पेसएक्स ने परीक्षण के दौरान डेटा की समीक्षा करने का निर्णय लिया है।

**अतुल सुभाष जैसा मामला : कंपनी की वेबसाइट पर नोट किया अपलोड**

# 'तुमसे भीख मांगता हूं...' पत्नी से प्रताड़ित शख्स ने सुसाइड नोट लिखकर लगाई फांसी

**मुंबई @ पत्रिका.** अब मुंबई में अतुल सुभाष आत्महत्या जैसा मामला सामने आया है। मुंबई के विले पार्ले स्थित एक होटल में निशांत त्रिपाठी (41) ने फांसी लगाकर जान दे दी। निशांत ने फांसी लगाने से पहले अपनी ही कंपनी की वेबसाइट पर सुसाइड नोट अपलोड कर दिया। उसने पत्नी अपूर्वा पारीकऔर उसकी मौसी प्रार्थना मिश्रा पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया। घटना के बाद निशांत की मां नीलम चतुर्वेदी ने मुंबई के एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अपूर्वा और उसकी मौसी प्रार्थना के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित निशांत की मां कानपुर की रहने वाली हैं। निशांत एनीमेशन इंडस्ट्री से जुड़ा हुआ था। बताया जाता है कि निशांत पालघर जिले के विरार का रहने वाला था लेकिन पत्नी से प्रताड़ित होकर आत्महत्या से कुछ दिनों पहले मुंबई के एक होटल में शिफ्ट हो गया था। गौतलब है कि कुछ दिन पहले अतुल सुभाष नाम के एक युवक ने भी पत्नी की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी।

***उसने सुसाइड नोट लिखा-*** 'ये अपूर्वा के लिए-हाय बेब..जब तक तुम ये पढ़ोगी, मैं जा चुका होऊंगा। जो कुछ भी हुआ उसके लिए अपने आखिरी वक्त में मैं तुमसे नफरत कर सकता था लेकिन इस पल के लिए मैंने प्यार को चुना। मैं तुम्हें तब भी प्यार करता था, मैं तुम्हें अब भी प्यार करता हूं। मेरी मां जानती है कि मैंने जितने भी संघर्षों का सामना किया है उनमें तुम और प्रार्थना मौसी भी हैं, जो मेरी मौत का कारण हैं। इसलिए तुमसे भीख मांगता हूं, मेरी मां के पास मत जाना। वह टूट चुकी है, उसे अकेले में शोक मनाने देना।'

**हरियाणा में हादसा :** कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश

## पहाड़ी इलाके में जगुआर क्रैश, पायलट ने कूदकर बचाई जान



**पंचकूला** में जगुआर क्रैश होने के बाद घायल पायलट और मलबे को देखते सेना के अधिकारी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पंचकूला.** हरियाणा के पंचकूला में पहाड़ी क्षेत्र मोरनी के बालदवाला गांव के पास शुक्रवार को वायुसेना का फाइटर जेट जगुआर क्रैश हो गया। क्रैश होने से पहले पायलट ने पैराशूट से छलांग लगाकर जान बचाई। विमान जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। वायुसेना ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया है। जगुआर प्रशिक्षण उड़ान पर अंबाला एयरबेस से रवाना हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विमान लहराते हुए पेड़ों से टकराया और जंगल के बीच खाई में जा गिरा।

**अजब-गजब :** जयपुर में एब्डोमिनल प्रेग्नेंसी का दुर्लभ मामला

## महिला के गर्भाशय की जगह पेट में पला बच्चा, ऑपरेशन के बाद दोनों स्वस्थ

देवेंद्र सिंह राठौड़
patrika.com

**जयपुर.** जयपुर में सांगानेरी गेट के महिला चिकित्सालय में एक महिला के गर्भाशय की जगह पेट में बच्चा पलने का दुर्लभ मामला सामने आया। ऑपरेशन के बाद मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

विराट नगर की महिला 3 मार्च की रात करीब आठ बजे तेज पेट दर्द की शिकायत लेकर अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंची। उसकी सोनोग्राफी रिपोर्ट में बताया गया था कि उसकी कोख में आड़ा बच्चा है। चिकित्सकों ने जांच की तो पता चला कि बच्चा महिला के गर्भाशय में है ही नहीं। वह अपनी मां के पेट में पल रहा था। इसे मेडिकल भाषा में एब्डोमिनल प्रेग्नेंसी कहा जाता है। चिकित्सकों ने तुरंत सिजेरियन डिलीवरी का निर्णय किया, जो जोखिम भरा था। परिजनों की सहमति के बाद ऑपरेशन किया गया। महिला ने 3 किलोग्राम वजन के बच्चे को जन्म दिया। मां और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।



जयपुर के सांगानेर अस्पताल में भर्ती मां और बच्चा।

### 30 हजार में एक केस

**चिकित्सकों** के अनुसार इस प्रकार के मामले 30 हजार गर्भधारण में से एक में देखने को मिलते हैं। कई बार फैलोपियन ट्यूब फटने के बाद भ्रूण किसी दूसरे अंग से रक्त आपूर्ति लेकर पेट में पलने लगता है, लेकिन सामान्यत: कुछ दिन ही जिंदा रह पाता है। इस मामले में शिशु पूरे समय तक पेट में पला और जीवित रहा।

### ऐसे मामलों में रहता है जान का खतरा

**एब्डोमिनल** प्रेगनेंसी मां और भ्रूण दोनों के लिए खतरनाक होती है। ऐसी स्थिति में महिलाओं को इंटरनल ब्लीडिंग, अधिक दर्द और मौत का खतरा भी होता है। वहीं दूसरे अंगों में भ्रूण पनप नहीं पाता है और उसकी भी मौत हो जाती है। हालांकि अत्याधुनिक तकनीकों से एब्डोमिनल प्रेगनेंसी का पहले भी पता लगा लिया जाता है। ऐसे मामलों को दुर्लभ माना जाता है।

### अध्ययन होगा

यह दुर्लभ केस है। बच्चा 9 महीने तक पेट में पला और पूरी तरह स्वस्थ है। मां को भी इस बात का पता नहीं था कि बच्चा उसकी कोख की बजाय पेट में पल रहा है। इस मामले को अध्ययन के लिए जरनल में प्रकाशित किया जाएगा।

**-डॉ. आशा वर्मा,** अधीक्षक, महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट, जयपुर

**कैसी व्यवस्था :** चालक परिजन को उतारकर भागा

## एम्बुलेंस में ऑक्सीजन खत्म, तड़प-तड़प कर बच्ची की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**गुना (मध्यप्रदेश).** लचर स्वास्थ्य व्यवस्था में साढ़े तीन साल की बच्ची की जान चली गई। तीन दिन से बुखार में तप रही हर्षिता कुशवाह को गुना जिला अस्पताल से शुक्रवार सुबह 6 बजे भोपाल रेफर किया गया। एम्बुलेंस ब्यावरा भी नहीं पहुंची कि ऑक्सीजन के दोनों सिलेंडर खाली हो गए। ब्यावरा से तीन किमी पहले ही तड़प-तड़पकर मासूम ने जान दे दी। हद तब हो गई, जब सुबह 8.30 बजे एम्बुलेंस चालक बबलू और ईएमटी भगवान सिंह ब्यावरा सिविल अस्पताल के पास बच्ची के शव और उसके माता-पिता को उतारकर भाग निकले। कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए हैं। एम्बुलेंस चालक और ईएमटी को सस्पेंड कर दिया है।



बच्ची को गोद में लेकर बिलखते परिजन।

### उखड़ गई सांसें

**हर्षिता** के पिता बृजेश ने बताया, एम्बुलेंस में दो सिलेंडर थे। बेटी ऑक्सीजन पर थी। ढाई घंटे में ही दोनों खाली हो गए। उसने नजरों के सामने ही तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। सुबह 8.30 बजे चालक बबलू ने हर्षिता को ब्यावरा अस्पताल के बाहर रोड पर ही छोड़ दिया। वे रेफरल पर्चा भी साथ ले गए।

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**दिल्ली**

### आइएफएस अधिकारी ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली @पत्रिका.** दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में आइएफएस अधिकारी जितेंद्र रावत ने बिल्डिंग से कूदकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुरुआती जांच में पता चला कि रावत डिप्रेशन से जूझ रहे थे। उनकी पत्नी और दो बच्चे देहरादून में रहते हैं।



**अमरीका**

### तहव्वुर की याचिका खारिज, भारत लाएंगे

**न्यूयॉर्क.** अमरीकी सुप्रीम कोर्ट ने 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा की भारत प्रत्यर्पण पर रोक की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक राणा लॉस एंजिलिस के डिटेंशन सेंटर में बंद हैं।

**पंजाब**

### 501 ठिकानों पर छापे, 75 ड्रग्स तस्कर पकड़े

**चंडीगढ़ @पत्रिका.** पंजाब में 501 ठिकानों पर छापे मारकर पुलिस ने 75 ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान 8.2 किलो हेरोइन, 4.5 किलो अफीम, 1,294 नशीली गोलियां, इंजेक्शन व 1.04 लाख रुपए बरामद किए। कुछ जगह तस्करों की संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया गया।

**फिर बसा घर** | पांच साल कानूनी लड़ाई, तलाक पर दस्तखत करते मिल गए दिल

# पति मुस्कुराएगा नहीं, वेतन भी देगा... तो मान गई पत्नी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**ग्वालियर (मध्य प्रदेश).** पति पूरा वेतन देगा। उसे रोज खर्च के लिए पैसे मैं दूंगी। उसने जो प्लॉट खरीदा, उसे गिरवी नहीं रखेगा। रखना भी पड़े तो मेरी लिखित सहमति लेनी होगी। इतना ही नहीं, मेरी बातों को सुनकर वह मुस्कुराएगा नहीं... ऐसी कई शर्तें पत्नी ने पति के सामने रख दी। पति ने शर्तें मान ली और पांच साल से अलग रह रहा दंपती एक हो गया। अब अप्रेल से दोनों साथ रहेंगे।

ग्वालियर की महिला की शादी नवंबर, 2007 में हुई। पति-पत्नी के बीच कुछ समय सब कुछ ठीक रहा, लेकिन कुछ साल बाद में दोनों के बीच विवाद होने लगे। इस पर महिला ने 2020 में घर छोड़ दिया। वह बेटे को साथ ले गई और दो बेटियों को पति के पास छोड़ दिया। तलाक को लेकर कानूनी लड़ाई शुरू हो गई। मामला हाईकोर्ट पहुंच गया।

- विवाद के बाद 2020 से पति का घर छोड़कर चली गई थी महिला
- बेटे से साथ रह रही थी, पति के पास छोड़ी बेटियां



### घंटों चली बहस... आखिर में मिले दिल

**हाईकोर्ट** ने दोनों को मिलाने का भरसक प्रयास किया। काउंसलिंग कराई। दोनों में घंटों बहस चली। आरोप-प्रत्यारोप के दौर चले। इस दौरान पत्नी की बातें सुन पति मुस्कुराने लगा। इस पर पत्नी और नाराज हो गई। दोनों सहमति से तलाक के लिए तैयार हो गए। आवेदन पर दोनों दस्तखत करने ही वाले थे, उससे पहले दोनों के दिल मिल गए और एक साथ रहने को तैयार हो गए।

### पति ने मान ली ये शर्तें...

1. पति किराए के मकान में रहता है। पत्नी को साथ रखेगा। सास साथ रहेगी।
2. पति प्लॉट को गिरवी नहीं रखेगा। रखना पड़ा तो पत्नी की लिखित सहमति लेगा।
3. मकान बनाने में लोन की जरूरत पर दोनों संयुक्त रूप से लेंगे।
4. संपत्ति में निवेश किया तो दोनों सहभागी होंगे।
5. प्लॉट का लोन चुकाने के तीन साल बाद खुद का मकान बनाएंगे।

**दिल्ली कोर्ट :** एक पीड़िता को योग्यता के आधार पर रोजगार मुहैया कराने का आदेश

# 'एसिड अटैक शरीर ही नहीं, मन पर भी छोड़ता है गहरे निशान...' 20 लाख का मुआवजा दें

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने एसिड अटैक के तीन पीड़ितों को 20 लाख रुपए के मुआवजे का आदेश दिया है। इनमें दो लड़कियां शामिल हैं। मुआवजा दोनों लड़कियों को पहले दिए 3-3 लाख रुपए के अतिरिक्त होगा। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को आदेश दिया कि वह लड़कियों में से एक को उसकी योग्यता व मेडिकल दशा के मुताबिक रोजगार मुहैया कराए, जो बालिग व स्नातक हो चुकी है। कोर्ट ने आरोपी राघव मुखिया को 10 साल के कठोर कारावास व 20,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा, यह मामला दर्शाता है कि कैसे तेजाब का लापरवाही से इस्तेमाल पीड़ितों को जीवनभर के जख्म दे सकता है। एसिड अटैक शरीर ही नहीं, मन पर भी गहरे निशान छोड़ जाता है। कोर्ट ने माना कि घटना ने पीड़ित बहनों 'आइ' व 'बी' का बचपन नष्ट कर दिया और पिता 'डी' से रोजगार का अवसर छीन लिया।

### 8 साल बाद फैसला, पिता को भी मिलेगी राशि

**पश्चिमी** दिल्ली के ख्याला के विष्णु गार्डन इलाके में 18 फरवरी, 2017 को 'डी', उसकी दो नाबालिग बेटियों 'आइ' (14) और 'बी' (11) पर तेजाब से हमला किया गया था। कोर्ट ने फैसले में कहा कि ज्यादा घायल 'आइ' को नौ लाख रुपए, 'बी' और पिता 'डी' को चार-चार लाख रुपए के अलावा अवलंबन फंड स्कीम 2024 के तहत तीनों को 1-1 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए।

8 राज्य, 38 संस्करण | अजमेर ■ अलवर ■ अहमदाबाद ■ इंदौर ■ उज्जैन ■ उदयपुर ■ कोटा ■ कोलकाता ■ खंडवा ■ ग्वालियर ■ चेन्नई ■ छिंदवाड़ा ■ जगदलपुर ■ जबलपुर ■ जयपुर ■ जोधपुर ■ झुंझुनूं ■ दिल्ली ■ नागौर ■ नर्मदापुरम ■ पाली ■ बाड़मेर ■ बांसवाड़ा ■ बिलासपुर ■ बीकानेर ■ बेंगलुरु ■ भरतपुर ■ भिलाई ■ भीलवाड़ा ■ भोपाल ■ रतलाम ■ रायपुर ■ सतना ■ सागर ■ सीकर ■ सूरत ■ शहडोल ■ श्रीगंगानगर

राजस्थान पत्रिका
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

इस बार की थीम
एक्सलरेट एक्शन यानी तेजी से कदम उठाएं

**लोकसभा में 74 महिला सांसद**
2025 के आम चुनाव में देश ने 74 महिला सांसदों को लोकसभा में भेजा। सबसे ज्यादा 11 सांसद पश्चिम बंगाल से जबकि यूपी और महाराष्ट्र से सात-सात हैं। इनमें 31 महिला सांसद भाजपा की हैं, जबकि कांग्रेस की 13, टीएमसी की 11, सपा की पांच व 14 अन्य दलों की हैं।



**वॉकथॉन...** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को राजस्थान के बीकानेर में हाथ में राष्ट्रीय ध्वज थामे महिलाओं ने वॉकथॉन में हिस्सा लिया। इस दौरान सभी महिलाओं ने एक ही रंग की साड़ी पहनी थीं।

पत्रिका से साझा की सेवा और संघर्ष की दास्तां

## समर्पण और जज्बे के साथ सेवा के नए प्रतिमान गढ़ रही महिलाएं

# देश की ताकत, समाज की 'शक्ति'

*महिलाओं में जज्बे का ज्वार है तो फौलाद सी इच्छाशक्ति भी। घर-परिवार, खेल, बिजनेस, शिक्षा या अंतरिक्ष... हर क्षेत्र में वह पूरी लगन और मेहनत से सफलता के शिखर तक पहुंची। आज महिला दिवस पर हम ऐसी महिलाओं के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने न केवल उपलब्धियां हासिल की, बल्कि खामोशी से वंचितों को मुख्यधारा में लाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रही हैं। जज्बे और संघर्ष के बूते अलग-अलग क्षेत्रों में सेवा और समर्पण के नए प्रतिमान गढ़ रही हैं।*

विशेष साक्षात्कार

### पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली शूटर मनु भाकर ने दिया खास संदेश



## बहादुर बनो, अपने सपनों को पूरा करो

**सौरभ कुमार गुप्ता**

पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत की 23 वर्षीय महिला निशानेबाज मनु भाकर ने दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। वे एक ओलंपिक में दो कांस्य जीतने वाली देश की पहली शूटर हैं। यहां तक पहुंचने के लिए मनु ने काफी संघर्ष व कड़ी मेहनत की। मनु का महिलाओं को संदेश है कि बहादुर बनें, सपने देखें और उन्हें पूरी मेहनत के साथ पूरा करें।

**Q एक महिला के तौर पर खेलों में कॅरियर बनाने में आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा?**

**घर** से लेकर स्कूल और समाज तक, हर जगह लड़कियों व महिलाओं को लैंगिक समानता जैसी चुनौतियों के लिए बहादुर होने की जरूरत है। वहीं, वे महिलाएं जो नौकरी करती हैं, उन्हें दबाव का सामना करना पड़ता है। मुझे भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन मेरे परिवार ने मुझे मानसिक तौर पर काफी मजबूत बनाया। इस कारण मैं आसानी से चुनौतियां और दबाव का सामना करने में सफल रहीं।

**Q क्या आपने किसी तरह की समाजिक चुनौती झेली है?**

**मैं** खुशकिस्मत हूं कि मुझे काफी अच्छा परिवार और माता-पिता मिले, जिन्होंने मुश्किलों को मेरे पास नहीं आने दिया। मैंने इस तरह की बातें भी कभी नहीं सुनी।

**Q किन चीजों ने आपको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया?**

मेरे पिता नेवी में हैं और उन्हें समुद्र के अंदर काफी गहराई में काम करना पड़ता है। वहीं, मेरी मां प्रिंसिपल हैं और जिस तरह से संयुक्त परिवार में उन्होंने मेरा और मेरे भाई का ख्याल रखा, उससे मुझे कभी पीछे मुड़कर न देखने की प्रेरणा मिली। सभी भाई-बहनों की लगन और प्रतिबद्धता ने मुझे और भी बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**Q आप महिलाओं को क्या संदेश देना चाहेंगी?**

**बहादुर** बनो और अपने सपनों को पूरा करो...मेरा मानना है कि महिलाओं को हर तरह से मजबूत और बहादुर होने की जरूरत है ताकि वे किसी भी चुनौती का सामना कर सकें। वे सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए पूरी लगन से मेहनत करें।

**18%** योगदान देश की जीडीपी में दे रहीं महिलाएं

2025 तक देश की जीडीपी में 770 अरब डॉलर जोड़े जा सकते हैं, यदि महिलाओं को समान अवसर मिलें। इससे 2027-28 तक को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने में मदद मिलेगी।

**36.6%** है सभी उद्योगों में महिलाओं का औसत प्रतिनिधित्व।

## बचपन में 50% झुलसी, जिस अस्पताल में सर्जरी, वहीं सर्जन बनीं

### अब तक 25 हजार से ज्यादा बर्न पीड़ितों का जीवन बचाया

**डॉ. प्रेमा धनराज (75)**

*बचपन में गंभीर अग्नि हादसे का शिकार हुई प्रेमा को 14 सर्जरी के बाद नया जीवन मिला। संकल्प ऐसा कि जिस मेडिकल कॉलेज में सर्जरी हुई, उसी में आगे चलकर सर्जन और एचओडी बनीं। खुद ने पीड़ा भुगती तो बर्न पीड़ितों के लिए 'अग्नि रक्षा' एनजीओ बनाया। 2024 में भारत सरकार ने इन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया।*



**पुरस्कार राशि से खोला एनजीओ**
डॉ. प्रेमा को 1998 में अमरीका से बतौर पुरस्कार 10 हजार डॉलर मिले थे। इस रकम से उन्होंने बर्न पीड़ितों की मदद के लिए 1999 में एनजीओ 'अग्निरक्षा' शुरू किया। इसमें अब तक 25 हजार से ज्यादा जले हुए लोगों का इलाज और रिहेबिलिटेशन किया गया।

### 12 घंटे सर्जरी के बाद आंख खोली तो मां बोलीं- तुम्हें डॉक्टर बनना है

बेंगलूरु की प्रेमा तब आठ साल की थी। एक दिन किचन में खेलते समय स्टोव फटने से गंभीर रूप से झुलस गई। चेहरा, गर्दन और शरीर का लगभग 50% हिस्सा जल गया। परिवार इलाज को एक महीने तक भटकता रहा। आखिर तमिलनाडु के वेल्लोर में क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज में 12 घंटे की जटिल सर्जरी हुई। सर्जरी के बाद आंखें खोली तो मां ने कहा, तुम्हें डॉक्टर बनना है। एक इंटरव्यू में डॉ. प्रेमा धनराज ने बताया कि जब मेरी सर्जरी चल रही थी तो मां ईश्वर से दुआ कर रही थी कि यदि बेटी का जीवन बचा तो वह उसी अस्पताल में डॉक्टर बनाएंगी और वह लोगों की सेवा करेगी। 1989 में प्रेमा क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज में प्लास्टिक और रिहेब विभाग की प्रमुख बनकर आईं और मां से किया वादा पूरा किया।

**डॉ. मालविका अय्यर (36)** सामाजिक कार्यकर्ता, मोटिवेशनल स्पीकर

## 13 साल की उम्र में दोनों हाथ गंवाए, अब दिव्यांगों के अधिकारों के लिए लड़ रहीं



*मालविका मोटिवेशनल सेशन में समाज में दिव्यांगों के लिए नजरिया बदलने का प्रयास कर रही हैं।*

वर्ष 2020 में आज ही के दिन यानी महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'शीइंस्पायर्डअस' पहल के तहत अपने सोशल मीडिया अकाउंट उन सात खास महिलाओं को सौंपे थे, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में बड़ा काम किया। इनमें तमिलनाडु की मालविका अय्यर भी थीं, जो बीकानेर में पली पढ़ीं। 2002 में बीकानेर में एम्युनेशन डिपो में आग की घटना के बाद रास्ते में पड़े ग्रेनेड के विस्फोट से दोनों हाथ गंवाने वाली मालविका का जीवन जज्बे और हौसले की जीती जागती मिसाल है। तब वह 13 साल की थीं। सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में वह विकलांगों की आवाज बन गईं, उनके हकों के लिए लड़ती हैं। उन्हें नारी शक्ति सहित कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

**शाहीन मिस्त्री (53)** टीच फॉर इंडिया की सीईओ

## अमरीका से पढ़ाई छोड़कर मुंबई लौटीं, अब हजारों गरीब बच्चों को निशुल्क पढ़ा रहीं



**शाहीन मिस्त्री** की कहानी दिलचस्प और प्रेरणादायक है। 18 साल की उम्र थी, अमरीका के टफ्ट्स विश्वविद्यालय में पढ़ाई बीच में छोड़कर शाहीन दादी के पास मुंबई आ गईं। मुंबई से ही डिग्री ली। इसी वर्ष उन्होंने झुग्गी के बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया, इसी जगह बाद में 'आकांक्षा फाउंडेशन' की स्थापना की गई।

### 60 से ज्यादा सेंटरों में पढ़ रहे बच्चे

**मिस्त्री** झुग्गी में बच्चों को पढ़ाती रही और बच्चों की संख्या बढ़ती गई। कुछ स्कूलों से जगह देने का आग्रह किया। आखिर कोलाबा में एक पूजास्थल में जगह मिली। कुछ सहपाठी भी बच्चों को पढ़ाने के लिए तैयार हो गए। अब मुंबई में 60 से ज्यादा आकांक्षा सेंटर में वे बच्चों को निशुल्क शिक्षा दे रही हैं।

महिला दिवस पर पत्रिका सर्वे

## 80% की राय, महिला सुरक्षा के लिए जरूरी है कानूनों का प्रभावी अमल

*21वीं सदी के वैश्विक उन्नयन में महिलाओं की भूमिका विशेष रहेगी। देश में सरकारें और संगठन भी महिला सशक्तीकरण के लिए कार्य कर रही हैं, लेकिन इसके बावजूद कुछ चुनौतियां भी हैं। महिला दिवस पर पत्रिका के सर्वे में सामने आया है कि शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाकर महिलाओं को और सशक्त किया जा सकता है। जानिए सवालों पर लोगों की प्रतिक्रियाएं-*

**1 क्या बेटियों के भविष्य के लिए अल्पबचत या अन्य योजना ली है?**
57% हां, 30% नहीं, 13% अब लेंगे

**2 महिलाओं की स्थिति में सुधार कैसे होगा?**
03% राजनीति में प्रतिनिधित्व बढ़े
17% परिवार के निर्णयों में प्रभावी भूमिका
17% सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हों
63% शिक्षा-रोजगार में ज्यादा अवसर

**3 आपकी बहन-बेटियां किस क्षेत्र को रोजगार के लिए चुने?**
45% शिक्षक
21% डॉक्टर
12% निजी क्षेत्र
11% सेना
08% इंजीनियर
03% घर को संभाले

**4 महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए सबसे जरूरी क्या है?**
02% रेल, बस मेट्रो में अलग सीट की सुविधा
03% सार्वजनिक स्थलों पर शौचालय
05% मनचलों पर नजर रखकर
10% महिला सुरक्षाकर्मियों की तैनाती बढ़ाएं
80% महिला कानूनों का प्रभावी अमल

**5 क्या कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार होता है?**
66% हां, 34% नहीं

**6 क्या राज्य सरकारों की ओर से सम्मान राशि की पहल महिलाओं को सशक्त बनाएगी?**
77% हां, 23% नहीं

**7 क्या राजनीति में महिलाएं, पुरुषों से बेहतर साबित हो सकती हैं?**
88% हां, 12% नहीं

**8 सरकारी या निजी क्षेत्र में महिला कर्मचारी, पुरुषों से बेहतर कार्य कर सकती हैं?**
86% हां, 14% नहीं

## घर-घर 'पत्रिका' पहुंचा बीमार पति की मदद कर रहीं यशोदा



राजस्थान पत्रिका का बंडल थामे यशोदा देवी।

**जयपुर.** महिला दिवस पर ऐसी महिलाओं के योगदान को कतई नहीं भूलना चाहिए, जो खामोशी से परिवार को सहारा दे रही हैं। जयसिंहपुरा खोर निवासी यशोदा देवी भी उन्हीं में हैं। हॉकर पति गौरीशंकर अग्रवाल के बीमार होने के बाद दो साल से रोज सुबह 10 किमी दूर चौड़ा रास्ता जाकर घर-घर राजस्थान पत्रिका बांटती हैं।

# परिधि से बाहर निकलकर कामयाबी की लकीर को बड़ा किया

**डॉ. विजयलक्ष्मी देशमाने (70)** कैंसर सर्जन

## सब्जियां तक बेचीं, कैंसर सर्जन बन अब लोगों की सेवा कर रहीं



कैंसर सर्जन और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. विजयलक्ष्मी देशमाने ने समाजसेवा और लोगों की भलाई में अपना जीवन समर्पित कर दिया। वह कर्नाटक कैंसर सोसायटी में निशुल्क चिकित्सा सेवा दे रही हैं। उनके इस योगदान के लिए उन्हें इस वर्ष पदमश्री से सम्मानित किया गया।

**सेवाभाव ऐसा कि शादी तक नहीं की:** कर्नाटक में गुलबर्गा के एक गरीब दलित परिवार में जन्मीं विजयलक्ष्मी का जीवन नितांत कठिनाइयों और चुनौतियों के बीच गुजरा। परिवार की गुजर बसर के लिए झुग्गी में रहकर सब्जियां तक बेचनी पड़ी। लेकिन उनका जज्बा और संकल्प इन चुनौतियों से कहीं बड़ा था। मां ने बेटी की पढ़ाई के लिए अपना मंगलसूत्र तक बेच दिया। विजयलक्ष्मी ने 1980 में मेडिकल की पढ़ाई पूरी की कर्नाटक मेडिकल कॉलेज एमबीबीएस और एमडी की डिग्री ली। गृहस्थी, सेवा में बाधक न बन जाए, इसलिए शादी नहीं की।

**ऋचा चड्ढा (38)** अभिनेत्री

## पैरेंट्स पत्रकार बनाना चाहते थे, तकदीर ने अभिनेत्री बना दिया

### बिना गॉडफादर बॉलीवुड में पहचान बनाई

महिलाएं हर उस क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, जहां पहले उनकी मौजूदगी न के बराबर थी। मसलन, सिनेमा में लाइटिंग की व्यवस्था में महिलाएं दूर ही रहीं, लेकिन महिलाओं के लिए अब अंडरकरंट लैब की शुरुआत की। इसमें महिलाओं को सिनेमा लाइटिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ऋचा कहती हैं, महिलाओं को यह बताने की बिल्कुल जरूरत नहीं है कि उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं? अब शायद ही कोई सेक्टर होगा, जहां महिलाएं काम नहीं कर रही हैं। ऋचा चड्ढा का नाम उन अभिनेत्रियों की सूची में शामिल है, जिन्होंने बिना किसी गॉडफादर अपने दम पर बॉलीवुड में खास जगह बनाई है। अमृतसर में जन्मीं ऋचा को माता-पिता जर्नलिस्ट बनाना चाहते थे। लेकिन तकदीर उन्हें मायानगरी ले आई।



### अभिनेता ने इंटरव्यू से किया इनकार

ऋचा जब फैशन मैगजीन के लिए काम करती थीं, तो उनको एक बार अभिनेता अभय देओल का इंटरव्यू करने के लिए कहा गया। तब उन्हें टाइम नहीं दिया गया, लेकिन छह माह बाद अभय देओल के साथ ही ऋचा ने अपनी पहली फिल्म 'ओए लकी! लकी ओए' में काम किया।

**दस साल तक कथक सीखा...** ऋचा ने पंडित अभय शंकर मिश्रा से करीब दस साल तक कथक सीखा, लेकिन बाद में यह शौक छूट गया। इसके बाद 'हीरामंडी' सीरीज की तैयारी के दौरान फिर से कथक का प्रशिक्षण लिया।'

**कल्पना कलाहस्ती (51)** इसरो की वैज्ञानिक

## नाकामी से हताश थीं, चंद्रयान-3 के लिए दिन-रात एक किए



विज्ञान और अंतरिक्ष में अगाध रुचि और इसरो में काम करने का सपना कल्पना कलाहस्ती को चांद-सितारों की दुनिया के करीब ले आया। जहां उनके समय की ज्यादातर महिलाएं बैंकिंग या शिक्षण की ओर रुख करती थीं, वहीं कल्पना ने विज्ञान और अंतरिक्ष को चुना। कल्पना चंद्रयान-3 मिशन की एसोसिएट प्रोजेक्ट डायरेक्टर रहीं, जो पूरी तरह सफल रहा। वर्ष 2000 में वे इसरो से वैज्ञानिक के तौर पर जुड़ीं। इसरो में उनका सफर मंगलयान और चंद्रयान-2 जैसे ऐतिहासिक मिशनों तक पहुंचा। चंद्रयान-2 की विफलता ने उन्हें भावनात्मक रूप से झकझोर दिया, लेकिन संकल्प को और मजबूत करते हुए चंद्रयान-3 को सफल बनाने के लिए दिन-रात मेहनत की। चंद्रयान-3 मिशन की सहायक परियोजना निदेशक के रूप में कल्पना ने तकनीकी चुनौतियों को पार करने में अहम भूमिका निभाई।

कंटेंट: पुष्पेश शर्मा

महिला दिवस विशेष

**हौसले : स्टील प्लांट के बैटरी ऑपरेशन में काम करने वाली एशिया की पहली महिला**

# खतरे के बीच काम करने में महारत है पुष्पा को

अब्दुल सलाम
patrika.com

**भिलाई.** महिला दिवस पर आज हम साहसी महिला भिलाई स्टील प्लांट की महाप्रबंधक पुष्पा एंब्रोस से सभी को रूबरू करवाना चाहते हैं, जिन्होंने खुद ही जोखिम भरे विभागों को काम करने के लिए चुना। भिलाई स्टील प्लांट में बतौर मैनेजमेंट ट्रेनी 1992 में पुष्पा एंब्रोस ने ज्वाइन किया। कोक ओवन से अपना सफर शुरू और बैटरी ऑपरेशन में काम करने वाली वह एशिया की पहली महिला हैं। उस वक्त संयंत्र में कोक ओवन गैस रिसाव, गर्मी और धूल की शिकायतें अधिक आती थी। इसके बाद भी उन्होंने अपने काम को पूरी जिम्मेदारी से किया।



## 25 साल किया हॉट स्पॉट में काम

**कोक** ओवन के बैटरी में टॉप पर काम करने वालों पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है। हॉट स्पॉट में करीब 25 साल तक उन्होंने कार्य किया। इस दौरान नए कोक ओवन बैटरी क्रमांक 11 को स्थापित किया गया। इसमें 4.3 मीटर उंचाई की 8 बैटरीज हैं, जिसमें प्रत्येक में 65 ओवंस शामिल हैं। 7 मीटर उंचाई के 3 बैटरी है, जिसमें प्रत्येक में 67 ओवंस शामिल हैं।

**सुरक्षा का जिम्मा महिला के हाथ :** जीएम पुष्पा एंब्रोस के हाथ में स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) के सुरक्षा की कमान है। यहां काम करने वाले 2,300 कार्मिकों के सुरक्षा की जवाबदारी इनके हाथ हैं। यहां काम करते हुए उनको अब 4 साल हो रहा है। शून्य दुर्घटना का लक्ष्य लेकर यहां काम किया जा रहा है।

**घबराएं नहीं हादसे से भी सीखें :** कोक ओवन से उनका तबादला एनर्जी मैनेजमेंट डिपार्टमेंट (ईएमडी) में हुआ। जीएम पुष्पा एंब्रोस ने बताया कि भिलाई स्टील प्लांट में 9 अक्टूबर 2018 के गैस हादसे में अधिकारी और कर्मचारियों के साथ-साथ दमकल कर्मियों की भी जान गई।

इस हादसे से वे घबराई नहीं, बहुत कुछ सीखने मिला। कार्य में पहले से और सुधार लाया गया। सोच यही थी कि विपरीत परिस्थितियों का सामना करें और अच्छा काम करें। ईएमडी में 3 साल तक सेवा देने का मौका मिला।

**फूलों के रंग : पूरे बस्तर संभाग के कर्मचारियों को यही गुलाल खरीदने कहा गया**

# नक्सल पीड़ित महिलाओं के बनाए गुलाल से होली

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**जगदलपुर.** बीजापुर जिले के भैरमगढ़ कैंप में रह रहीं नक्सल पीड़ित महिलाओं ने प्राकृतिक गुलाल तैयार किया है। इससे उन्होंने ना केवल अपनी आर्थिक ताकत बढ़ाई है, बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश भी दिया है। प्रशासन ने इन महिलाओं के इस प्रयास को पंख देते हुए जिले के सभी विभागीय कार्यालयों में इनके गुलाल के स्टॉल लगाने की पहल शुरू की है। मां दुर्गा स्व सहायता समूह इतामपार की महिलाओं ने पारंपरिक ज्ञान का उपयोग करते हुए फूलों और अन्य प्राकृतिक चीजों से गुलाल तैयार किया है। यह समूह भैरमगढ़ शिविर में रह रही उन महिलाओं का है, जिन्हें नक्सल हिंसा के कारण अपने गांव छोड़ने पड़े थे। शिविर में रह रही समूह की अध्यक्ष फगनी कोवासी बताती हैं कि जब हमें गांव छोड़ना पड़ा, तो लगा जिंदगी खत्म हो गई। लेकिन अब यह समूह हमारी ताकत बना है। होली का यह रंग हमारे जीवन में भी रंग भरेगा यही उम्मीद है।

समूह की सचिव अनिता कर्मा बताती हैं कि हमने सोचा कि क्यों न होली के रंग भी प्रकृति के रंगों से बनाए जाएं। यह सेहत के लिए सुरक्षित है और हमारे लिए आय का जरिया भी बना।



### इसलिए खास है यह गुलाल

- यह गुलाल केमिकल-फ्री है और त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचाता।
- इसे बनाने में स्थानीय फूलों और पौधों का इस्तेमाल करती हैं।
- कीमत सिर्फ 20-30 रुपए है, आम लोग भी इसे खरीद सकते हैं।

## प्रशासन ने की महिलाओं की मदद

मुख्य कार्यपालन अधिकारी पुनीत राम साहू कहते हैं कि यह पहल महिला सशक्तीकरण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में एक ट्रायल है। बीजापुर प्रशासन ने इन महिलाओं के हौसले को सराहते हुए उनके उत्पाद को बढ़ावा देने का फैसला किया है। अधिकारियों और कर्मचारियों से इसे खरीदने की अपील की गई है। इसे लिए बीजापुर जिला मुख्यालय में कई स्थानों पर स्टॉल लगाए गए हैं।

**नारायणपुर**

## प्रेशर आईईडी की चपेट में आकर मजदूर की मौत

**नारायणपुर/छोटेडोंगर @ पत्रिका.** जिले के छोटेडोंगर स्थित आमदई माइंस में नक्सलियों के लगाए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान सुबह 10.30 बजे प्रेशर कूकर आईईडी में एक मजदूर का पैर पडने से ब्लास्ट हो गया। इसकी चपेट में आने से दिलीप कुमार बघेल (25) और हरेन्द कुमार नाग (26) घायल हो गए थे। इनमें से दिलीप कुमार ने अस्पताल पहुंचने

## शिक्षा क्षेत्र में बस्तर का उत्कृष्ट प्रदर्शन, 3 करोड़ का पुरस्कार

**रायपुर@पत्रिका.** बस्तर जिले ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षण को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने जैसे अन्य कार्यों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नीति आयोग ने बस्तर जिले को 3 करोड़ रुपए के पुरस्कार से सम्मानित किया है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बधाई देते हुए कहा, बस्तर जिले के विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और हमारी सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता ने जिले को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। यह सम्मान पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है। यह पुरस्कार आकांक्षी जिलों में बुनियादी शिक्षा के सुदृढ़ीकरण और शिक्षा की समावेशी एवं नवाचारयुक्त नीति को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सफलता का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा, यह उपलब्धि प्रदेश में संपूर्ण शिक्षा तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने तथा बस्तर में बौद्धिक और शैक्षणिक विकास को नया आयाम देने के लिए राज्य सरकार को और अधिक प्रेरित करेगी। शिक्षा के क्षेत्र में यह उपलब्धि न केवल बस्तर जिले, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

**सीजीएमएससी घोटाला**

**विधानसभा के बजट सत्र में स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल और भाजपा विधायक चंद्राकर के बीच तीखी तकरार**

# स्वास्थ्य मंत्री बोले- अफसर को सूली पर तो नहीं लटका सकता

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** विधानसभा के बजट सत्र में शुक्रवार को सीजीएमएससी के दवा खरीदी में हुई अनियमितताओं का मुद्दा गूंजा है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने अपने ही मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को घेरा। इस दौरान दोनों के बीच तीखी बहस तक देखने को मिली। सवाल-जवाब के दौरान विधायक ने मंत्री से कहा, भाषण मत दीजिए प्रश्न का उत्तर दीजिए। इसके कुछ देर बाद मंत्री ने कहा, अब मंत्री को अधिकार नहीं है कि जांच करके अफसर को सूली पर लटका दें। हालांकि उन्होंने रिएजेंट खरीदी में गड़बड़ी स्वीकार की और यह भी कहा कि सप्लायर और अधिकारियों की मिलीभगत से गड़बड़ी हुई है। खास बात यह है कि इस सवाल का जवाब करीब 1247 पन्नों में दिया गया था।


660 करोड़ की रीएजेंट खरीदी : मोक्षित कॉ

### अब तक 700 उपकरण चालू नहीं

मंत्री ने अपने जवाब में बताया कि मोक्षित कॉर्पोरेशन से 8 से 10 गुना में खरीदी हुई है। अभी तक 700 उपकरण चालू नहीं हैं। उन्होंने वर्ष सामग्री खरीदी की जानकारी दी और बताया कि वर्ष 2023-24 में 385 करोड़ का क्रय आदेश जारी किया गया था। इसमें से 47 करोड़ का भुगतान हो गया है। 338 का भुगतान बाकी है।

### भाजपा विधायक और मंत्री : प्रश्नकाल में वन टु वन




**सवाल : विधायक चंद्राकर-** विभाग में कितनी डिमांड थी? कितना बजट था और कितनी सप्लाई हुई?

**मंत्री का जवाब-** विस्तार से बताते हुए कहा- 120 करोड़ का बजट था। 108 करोड़ आवंटन हुए थे और 385 करोड़ की खरीदी हुई है।

**सवाल : विधायक चंद्राकर-** जब बजट नहीं था और खरीदी हुई, तो अफसरों पर क्या कार्रवाई हुई?

**मंत्री का जवाब-** इन्हीं सब गड़बड़ियों के चलते इतिहास में सबसे बड़ी कार्रवाई की। सप्लाई करने वाला जेल में है, हमने 15 अधिकारियों के खिलाफ एनओसी दी है। ईओडब्ल्यू इसकी जांच कर रही है।

**फिर ऐसी हुई नोकझोंक**

**मंत्री को** बीच में टोकते हुए कहा, अरे भाषण मत दीजिए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सवाल-जवाब के दौरान भी नोकझोंक देखने को मिली। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अजय चंद्राकर से कहा कि आप धैर्य से बैठिए, जवाब सुनिए।

## महंगी दवाइयों में लापरवाही, इसलिए हो रही एक्सपायरी

*रायपुर @पत्रिका . डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग के डॉक्टर महंगा इंजेक्शन मंगाकर भी उपयोग नहीं कर रहे हैं। यही कारण है कि ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों को लगाए जाने वाले इंजेक्शन टेनेक्टेज 20 मिग्रा भी एक्सपायर हो रहा है। इस इंजेक्शन के एक डोज का बाजार मूल्य 40 से 50 हजार रुपए है। यह लाइफ सेविंग इंजेक्शन है, जो ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों को समय पर लगाना है। इसके बावजूद डॉक्टर लापरवाही बरत रहे हैं।*

**खबर छपने के बाद मांगी गई जानकारी :** पत्रिका ने 7 मार्च के अंक में एक्सपायर्ड इंजेक्शन लगाकर कहा- दो दिन ही हुए हैं, कुछ नहीं होता, इसके बाद मरीज को मार गया लकवा शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया है। समाचार प्रकाशित होने के बाद अस्पताल में इंजेक्शन की डिमांड व सप्लाई की जानकारी न्यूरोलॉजी विभाग से मंगाई गई है। आखिर इतना महंगा इंजेक्शन क्यों एक्सपायर हुआ, क्यों न्यूरोलॉजिस्ट ने इंजेक्शन सीजीएमएससी से मंगवाने के बाद भी ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों को नहीं लगवाया, इसकी जांच की जा रही है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि न्यूरोलॉजिस्ट की मांग पर ही इंजेक्शन मंगाया जाता है।

**इंजेक्शन एक्सपायर, उधर**


7 मार्च 2025 को प्रकाशित

**अटेंडेंट से मंगाते है बाहर से :** इंजेक्शन नहीं होने का हवाला देकर स्टाफ मरीज के परिजनों से बाहर से इंजेक्शन मंगाने पर मजबूर करते हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक गरीब परिवार कैसे 40 से 50 हजार रुपए का इंजेक्शन खरीद सकता है। इस मजबूरी का अंदाजा अगर स्टाफ व डॉक्टर कर लें तो महंगा इंजेक्शन एक्सपायर न हो।

सीजीएमएससी अस्पताल की डिमांड के अनुसार ही इंजेक्शन व दवा की सप्लाई करता है। देखना होगा कि आखिर डीकेएस में सप्लाई टेनेक्टेज 20 मिग्रा इंजेक्शन कैसे एक्सपायर हो गया। **-पद्मिनी भोई साहू,** एमडी सीजीएमएससी

ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों को ही टेनेक्टेज 20 मिग्रा इंजेक्शन लगाया जाता है। औसतन हर माह 25 से 30 इंजेक्शन का उपयोग हो जाता है। कई बार संख्या 50 भी पहुंच जाती है। ठंड के सीजन में इंजेक्शन लगाने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि तब ब्रेन हेमरेज के केस ज्यादा आते हैं। - **डॉ. अभिजीत कोहट,** एचओडी न्यूरोलॉजी, डीकेएस अस्पताल

**देह व्यापार का खुलासा : रोहसात के रेड लाइट एरिया में छापा**

# प्रदेश की 41 नाबालिग लड़कियां बिहार से बरामद, जल्द लौटेंगी

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** बिहार के रोहतास जिले में पुलिस ने गुरुवार सुबह एक रेड लाइट एरिया में छापेमारी कर 45 नाबालिगों को बचाया है। इनमें 41 लड़कियां छत्तीसगढ़ की हैं, जबकि 4 लड़के बिहार के रहने वाले हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां नाबालिग लड़कियों को जबरन देह व्यापार में धकेला जा रहा है।

**गरीबी बनी मजबूरी, परिवार ने 50 हजार में बेचा :** ज्यादातर लड़कियां गरीब परिवारों से हैं। बाल कल्याण समिति रोहतास के सदस्य गगन पांडे के अनुसार, इन लड़कियों के माता-पिता ने 30 से 50 हजार रुपये में सौदा कर दिया था। पहले इन्हें ऑर्केस्ट्रा में डांस करने के लिए लाया गया, फिर जबरन गलत काम करवाया जाने लगा। लड़कियों की कमाई का कुछ हिस्सा उनके परिवारवालों तक पहुंचता था।

**छत्तीसगढ़ के कई जिलों की लड़कियां शामिल :** रोहतास एसपी रोशन कुमार ने बताया कि बचाई गई लड़कियां छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, रायपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर, दुर्ग समेत अन्य जिलों की हैं। छत्तीसगढ़ पुलिस की टीम रोहतास भेजी गई है, जो सभी लड़कियों को सुरक्षित वापस लाएगी। उनके गृह जिलों में भेजने से पहले पूछताछ की जाएगी।

**गिरोह के 5 आरोपी गिरफ्तार, कई फरार :** छापेमारी के दौरान पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो बिहार के रहने वाले हैं। ये आरोपी लड़कियों के परिवारों से संपर्क कर उन्हें इस दलदल में धकेलते थे। हालांकि, कई लड़कियां और आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

### विशेष टीम भेजी जाएगी

हमारी एक विशेष टीम को बिहार के रोहतास जिले के लिए रवाना किया गया है। वहां से सभी नाबालिग युवतियों को सुरक्षित लाया जाएगा। उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। बचाव अभियान के बाद, सभी युवतियों से पूछताछ की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि उन्हें कैसे और किन परिस्थितियों में इस दलदल में धकेला गया। इसके बाद, कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें उनके गृहग्राम भेजने की व्यवस्था की जाएगी। इस मामले में शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। **-डॉ.लाल उमेंद सिंह,** एसएसपी, रायपुर

### पुलिस और एनजीओ की मदद से हुआ ऑपरेशन

रोहतास एसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नटवार थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़कियों को लाकर जबरन गलत काम करवाया जाता है। इसके बाद एक एनजीओ की मदद से छापा मारा गया और सभी को छुड़ाया गया। लड़कियों को बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया, जहां उनकी उम्र और अन्य जानकारियां सत्यापित की जा रही हैं।

**जांजगीर**

## देसी शराब पीने से दो ग्रामीणों की मौत

**जांजगीर @ पत्रिका .** जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र के भठली गांव में देसी शराब पीने के बाद 2 लोगों की मौत हो गई। दरअसल, गुरुवार की रात सीता राम सतनामी (65) और रोहित तेंदुलकर (25) शराब पीने के बाद बेहोश हो गए थे। शराब पीने के बाद दोनों के मुंह से झाग निकल रहा था। सीता राम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रोहित को जिला अस्पताल जांजगीर रेफर किया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। नवागढ़ थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने शराब का सैंपल जांच के लिए भेज दिया है। मौके पर एफएसएल की टीम के अलावा एसपी विवेक शुक्ला सहित आला अधिकारी पहुंचे थे।

**टूटा सपना : पुलिस ट्रेनिंग एकेडमी चंद्रखुरी की घटना**

# ट्रेनिंग के दौरान एसआई अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ी, मौत

**रायपुर @ पत्रिका.** चंदखुरी स्थित पुलिस ट्रेनिंग एकेडमी में ट्रेनिंग के दौरान एक सब इंस्पेक्टर (एसआई) अभ्यर्थी राजेश कोसरिया (29) की मौत हो गई। दौड़ने के दौरान तबीयत बिगड़ने पर राजेश को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज से पहले उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार ने ट्रेनिंग सेंटर की अव्यवस्था और फिजिकल टेस्ट की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उनका आरोप है कि यदि भर्ती के दौरान सही मेडिकल जांच होती तो दिल की बीमारी जैसी कोई समस्या पहले ही सामने आ जाती और इस तरह की घटना को रोका जा सकता था। परिजनों का कहना है कि अगर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में उचित चिकित्सा सुविधा होती तो राजेश की जान बच सकती थी।

### पुलिस में 2021 में भर्ती, 6 साल बाद ट्रेनिंग

**पुलिस** में 2021 में सब इंस्पेक्टर भर्ती प्रक्रिया पूरी हुई थी। 975 पदों के लिए कुल 1436 अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया में शामिल हुए, जिनमें से 959 का चयन हुआ। यह भर्ती प्रक्रिया 2018 में शुरू हुई थी, लेकिन इसमें काफी देरी हुई। राजेश कोसरिया का नाम उन अभ्यर्थियों में था, जिन्हें 10 मार्च को मुख्यमंत्री नियुक्ति पत्र देने वाले थे।

**विधानसभा का बजट सत्र** **आंकड़ों को लेकर उलझे पूर्व सीएम बघेल और डिप्टी सीएम शर्मा**

# प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर हंगामा, विपक्ष ने किया वॉकआउट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रायपुर.** विधानसभा के बजट सत्र में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का मुद्दा प्रमुखता से उठा। इसे लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और डिप्टी सीएम विजय शर्मा के बीच आंकड़ों को बहस भी देखने को मिली। बघेल ने सरकार के ही आंकड़ों के हवाले से कहा, पिछली कांग्रेस सरकार में भी पीएम आवास बने हैं और काम हुआ है। इस मुद्दे पर विपक्ष आक्रमक नजर आया और डिप्टी सीएम के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया।

प्रश्नकाल में पूर्व सीएम ने वर्ष 2019 से वर्षवार पीएम आवास योजना के स्वीकृत और पूर्ण व अपूर्ण आवासों के आंकड़ा को पड़ा। उन्होंने कहा, विधायक पुन्नूलाल मोहले ने भी पीएम आवास को लेकर सवाल पूछे थे। हम दोनों के जवाब में भारी अंतर है। दो सदस्यों को अलग-अलग जानकारी क्यों दी गई है। डिप्टी सीएम ने कहा, विधायक मोहले को जो जानकारी उपलब्ध कराई गई है, वह वित्तीय आंकड़ा है। आपने वर्षवार जानकारी मांगी थी। लिहाजा वर्षवार आंकड़ा और जानकारी आपको उपलब्ध कराई गई है।

मंत्री के जवाब के बाद पूर्व सीएम बघेल ने पूछा कि प्रदेश में 18 लाख गरीबों को आशियाना देने की बात कही गई थी। 18 लाख नए आवास बनाए जाएंगे या फिर पूर्व में जो काम अधूरा रह गया है उसे इसमें शामिल किया जाएगा। डिप्टी सीएम ने इसके जवाब में कांग्रेस सरकार को घेरने का प्रयास किया, तो हंगामा शुरू हो गया है। इस बीच प्रश्नकाल समाप्त हो गया और विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया।


**गेड़ी युग की शुरुआत करने ब्रांड एम्बेसडर: डिप्टी सीएम साव**

विधानसभा में डिप्टी सीएम अरुण साव के विभागों के लिए 15,386 करोड़ 42 लाख 47 हजार रुपए की अनुदान मांगे पारित की गई। इससे पहले डिप्टी सीएम साव ने कहा, पिछली सरकार के मुखिया गेडी के ब्रांड एम्बेसडर थे। छत्तीसगढ़ में 5 साल एक भी सड़क नहीं बना पाने वाले, एक सड़क को रिपेयर नहीं कर पाने वाले भूपेश बघेल असल में छत्तीसगढ़ की सड़कों को कीचड़ में तब्दील कर देने की स्थिति में थे। इसलिए लोगों को गेड़ी में चलना सिखा रहे थे। जैसा पुराने जमाने में छत्तीसगढ़ के लोग कीचड़ से बचने गेड़ी का प्रयोग करते थे। अपने बजट भाषण में एक-एक कर विपक्ष के सभी नेताओं को जवाब देते हुए डिप्टी सीएम ने कहा, हम विकास के लिए राजनीति करते हैं, विकास में राजनीति नहीं करते। उन्होंने अपने विभागीय बजट पर कहा, ये लोक निर्माण से छत्तीसगढ़ निर्माण वाला बजट है। छत्तीसगढ़ की सड़कें सिर्फ सड़क नहीं बल्कि विकास का पहिया है।

### प्रश्न काल का समय बढ़ाने की मांग की



**विधानसभा** में डिप्टी सीएम ने स्पीकर से प्रश्न काल का समय बढ़ाने की भी मांग की। इस मुद्दे पर वो घिरते भी नजर आए। इस पर बघेल लगातार मांग करते रहे हैं कि चूंकि ट्रेजरी बेंच ने समय बढ़ाने का आग्रह किया है ते समय बढ़ाकर पूरी चर्चा करा ली जाए, लेकिन आसंदी ने कोई व्यवस्था नहीं दी।



# इंटरनेशनल मास्टर्स लीग रायपुर में आज भिड़ेंगे क्रिकेट के लीजेंड सचिन तेंदुलकर और ब्रायन लारा

**रायपुर.** नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 8 मार्च शनिवार को विश्व के लीजेंड क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और ब्रायन लारा में भिड़ंत होगी। यह मौका होगा इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) के 12वें मैच का। आईएमएल में अब आगे के सेमीफाइनल व फाइनल समेत 7 मैच रायपुर में होने जा रहे हैं। इसमें पहला मैच शनिवार को इंडिया मास्टर्स और वेस्टइंडीज मास्टर्स में खेला जाएगा। दोनों टीमों कई लीजेंड क्रिकेटर शामिल हैं।




# कृषि और शिक्षा से जुड़े ऋण के मामले को प्राथमिकता से लें

**रायपुर@पत्रिका.** कलेक्ट्रेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं परामर्शदात्री समिति की विशेष 192वीं बैठक दिसंबर तिमाही (डीएलसीसी) आयोजित की गई। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि सभी बैंक कृषि और शिक्षा से जुड़े ऋण मामलों को प्राथमिकता से ले। यदि किसी भी बैंक में ऋण से जुड़े मामले आते हैं तो लंबित ना रखें। कम से कम औपचारिकता करते हुए प्रक्रियाओं को जल्द पूर्ण करें और हितग्राहियों को जल्द ऋण प्रदान करें। कलेक्टर ने बैठक में बैंकों के प्रतिनिधियों के अनुपस्थित रहने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने उक्त बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधन को कड़ी चेतावनी पत्र लिखने के निर्देश एलडीएम को दिए। साथ ही इसकी प्रतिलिपि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को कार्रवाई के लिए देने को कहा।

**संवेदनशीलता के साथ विचार करने को कहा :** कलेक्टर डॉ. सिंह ने एनआरएलएम और एनयूएलएम से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि इनसे जुड़े ऋण प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ विचार करें और उनकी प्रक्रियाओं को जल्द पूर्ण करें। बैठक में एलडीएम सिराज हाइत ने बताया कि एनआरएलएम ने अपना शत प्रतिशत और एनयूएलएम ने 98 प्रतिशत पीएम स्वानिधि योजना में 92 प्रतिशत लक्ष्य अर्जित किया। साथ ही 2024-25 में प्राथमिकता लोन का टारगेट दिसंबर तिमाही तक 87 प्रतिशत अर्जित कर लिया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन उपस्थित थे।

**आइसीसी वनडे चैंपियंस ट्रॉफी:** भारतीय टीम लगातार चार मैच जीतकर फाइनल में पहुंची है, रविवार को न्यूजीलैंड से भिड़ने के लिए तैयार

# चैंपियन बनने के लिए सिर्फ एक जीत और...

**दुबई @ पत्रिका.** आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम का सफर अभी तक बेहद शानदार रहा है और वो लगातार चार मैच जीतकर फाइनल में पहुंची है। अब चैंपियन बनने के लिए टीम इंडिया को सिर्फ एक जीत की ओर दरकार है। इसके लिए भारतीय टीम को न्यूजीलैंड की चुनौती से पार पाना होगा। उम्मीद है कि सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त देने वाली टीम ही फाइनल में भी उतरेगी। आइए, बताते हैं कि इन 11 खिलाड़ियों का इस टूर्नामेंट में कैसा प्रदर्शन रहा और उन्हें क्या भूमिका दी गई है।

## 2023 की गलती से बचने की दरकार

**भारतीय** टीम को 2023 वनडे विश्व कप में की गई गलती से बचने की जरूरत है। टीम इंडिया लगातार 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंची थी लेकिन आखिरी मौके पर वो ऑस्ट्रेलियाई टीम से हार गई थी।

***दबाव से उबरना जरूरी :*** टीम इंडिया पर करोड़ों प्रशंसकों की उम्मीदों का भार है, लेकिन उसे फाइनल में दबाव से उबरना होगा। अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ी दबाव से उबरना भी सीख रहे हैं।

## अंतिम एकादश में बदलाव की संभावना नहीं, इन 11 के कंधों पर भार



**रोहित शर्मा, ओपनर**
04 मैच खेले, 104 रन बनाए, ***41 सर्वाधिक***
**बतौर ओपनर** रोहित पर शुरुआती दस ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने की जिम्मेदारी है, फिर भले ही वह जल्द आउट क्यों न हो जाएं।

**हार्दिक पांड्या, ऑलराउंडर**
04 मैचों में 81 रन ठोके और ***4 विकेट चटकाए***
**नई बॉल** से गेंदबाजी की कमान संभालते हैं। टीम के दूसरे प्रमुख तेज गेंदबाज हैं। आखिरी ओवरों में तेज गति से रन बनाने में माहिर हैं।

**रवींद्र जडेजा, ऑलराउंडर**
04 मैचों में 18 रन बनाए, ***4 विकेट झटके***
**शानदार** बल्लेबाज, गेंदबाज और श्रेत्ररक्षक, बीच के ओवरों में विकेट चटकाने और निचलेक्रम पर तेज बल्लेबाजी करने की जिम्मेदारी है।

**कुलदीप यादव, स्पिनर**
04 मैचों में कुल ***पांच विकेट झटके***
**भारतीय** स्पिन गेंदबाजी के प्रमुख, बीच के ओवर हों या आखिरी के ओवर, उनका काम रन रोकते हुए विकेट चटकाना है।

**मोहम्मद शमी, तेज गेंदबाज**
04 मैचों में शमी ने सर्वाधिक ***8 विकेट चटकाए***
**नई बॉल** से कमान संभालने की प्रमुख जिम्मेदारी डेथ ओवरों में शमी रनों पर अंकुश भी लगाते हैं और सटीक यॉर्कर डालने में माहिर हैं।

**शुभमन गिल, ओपनर**
04 मैचों में 157 रन, ***एक शतक***
**एक छोर** पर डटे रहना और लंबी पारी खेलना। यदि रोहित जल्द आउट हो जाएं तो उनकी जिम्मेदारी गिल लेते हैं और तेज गति से रन बनाते हैं।

**लोकेश राहुल, बल्लेबाज**
04 मैचों मैचों में 106 रन, ***नाबाद 42 सर्वाधिक***
**विकेटकीपर** की भूमिका निभाते हैं। उनकी तकनीक अच्छी है और वह छठे नंबर पर टीम को मजबूती देते हैं। तेज गति से भी रन बना सकते हैं।

**श्रेयस अय्यर, बल्लेबाज**
04 मैचों में 195 रन, दो अर्धशतक लगाए
**मध्यक्रम** को मजबूती देते हैं। यदि ओपनर जल्द आउट हो जाएं तो पारी संभालने की जिम्मेदारी, यदि अच्छी शुरुआत मिले तो तेज गति से रन बनाते हैं।

**चार स्पिनर और दो पेसरों के साथ उतरेगी टीम इंडिया**

**वरुण चक्रवर्ती, स्पिनर**
02 मैचों में कुल ***सात विकेट चटकाए***
**सिर्फ** तीन वनडे खेलने वाले वरुण को मिस्ट्री स्पिनर कहा जाता है। उनका काम भी रनों पर अंकुश लगाते हुए विकेट लेना है।

**विराट कोहली, बल्लेबाज**
04 मैचों में 217 रन, ***01 शतक, 01 अर्धशतक***
**विराट** टीम के सबसे अनुभवी बल्लेबाज हैं। आखिरी ओवर तक डटे रहने की जिम्मेदारी है। वह पारी को संभालते हैं और दूसरे बल्लेबाजों संग साझेदारी करते हैं।

**अक्षर पटेल, ऑलराउंडर**
04 मैचों में 80 रन बनाए, ***5 विकेट***
**परिस्थितियों** के अनुसार पांचवें नंबर पर धीमी और तेज गति से बल्लेबाजी करते हैं। पावरप्ले के दौरान गेंदबाजी में माहिर।

---

**आज का पोल**

**क्या तेज गेंदबाजों को गेंद पर लार लगाने की अनुमति मिलनी चाहिए?**

YES NO

हमारे एक्स/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। X @PatrikaNews

**शुक्रवार का जवाब**

हां **91**% नहीं **09**%

***पिछला सवाल:*** क्या विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी में क्रिस गेल का रेकॉर्ड तोड़ सकते हैं?

---

**आइसीसी से अपील:** तेज गेंदबाजों ने बॉल पर लार लगाने की अनुमति मांगी, साल 2022 से लगा है बैन

## शमी को मिला साउदी और फिलेंडर का समर्थन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व पेसर वेर्नोन फिलेंडर ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी का समर्थन किया है।

शमी ने चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया पर मिली जीत के बाद आइसीसी से सलाइवा (लार) से प्रतिबंध हटाने की अपील की थी, जिससे मैच के दौरान तेज गेंदबाज रिवर्स स्विंग हासिल कर सकें। गौरतलब है कि कोरोना के दौरान आइसीसी ने गेंद पर लार लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया था, जबकि बॉल रिवर्स स्विंग करने के लिए लार का इस्तेमाल जरूरी हो जाता है।

### तो द. अफ्रीकी टीम को फायदा मिलता





यदि लार लगाने की अनुमति होती तो न्यूजीलैंड के खिलाफ द. अफ्रीकी गेंदबाजों को फायदा मिलता। वनडे क्रिकेट में बल्लेबाज हावी होते जा रहे हैं क्योंकि गेंदबाज लार पर प्रतिबंध के कारण रिवर्स स्विंग कराने में असमर्थ हैं। **-फिलेंडर**, पूर्व गेंदबाज, द. अफ्रीका

वनडे और टी-20 क्रिकेट में बॉल शुरुआत में स्विंग होती है। ऐसे में जब गेंद पुरानी होती है तो गेंदबाजों के लिए मुश्किल हो जाती है। यदि लार लगाने की अनुमति मिलेगी तो गेंदबाजों के पास वापसी करने के लिए कुछ मौके होंगे। **-टिम साउदी**, पूर्व पेसर, न्यूजीलैंड

### रिवर्स स्विंग के लिए लार क्यों जरूरी...

**जब** बॉल 20-25 ओवर पुरानी होती है, तब रिवर्स स्विंग के काबिल होती है। इसमें गेंद की चमक एक तरफ कायम रखनी पड़ती है। गेंद को चमकाने के लिए गेंदबाज लार का उपयोग करते हैं। जब बॉल एक तरफ से पुरानी व खुरदुरी होगी और दूसरी तरफ से उसमें चमक होगी, तभी रिवर्स स्विंग हो सकती है।

**होती है मुश्किल :** रिवर्स स्विंग में तेज गेंदबाज इन-स्विंग के एक्शन में गेंद को आउट-स्विंग करा सकते हैं। वहीं गेंदबाज आउट-स्विंग के एक्शन में इन-स्विंग बॉल फेंककर बल्लेबाज को चौंका देते हैं।

---

**गोल्फ टूर्नामेंट**

## श्रीलंका के थंगराजा ने जीता अहमदाबाद ओपन खिताब

**अहमदाबाद @ पत्रिका.** श्रीलंका के गोल्फर एन थंगराजा ने शानदार प्रदर्शन कायम रखते हुए शुक्रवार को यहां अहमदाबाद ओपन खिताब जीत लिया। 43 वर्षीय थंगराजा ने आठ अंडर-280 के कुल स्कोर के साथ खिताबी जीत दर्ज की।

उन्होंने 2023 के बाद अपना पहला और करियर का कुल पांचवां खिताब जीता। चैंपियन बनने पर श्रीलंकाई गोल्फर को 15 लाख रुपए की इनामी राशि मिली। वहीं, भारतीय गोल्फर यशस चंद्रा ने आखिरी राउंड में 73 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर तीन अंडर-285 रहा और वह दूसरे स्थान पर रहे।

---

**प्लेयर ऑफ द मंथ: गिल हुए नामित**

**दुबई @ पत्रिका.** भारतीय ओपनर शुभमन गिल को फरवरी महीने के लिए आइसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। गिल को इस अवॉर्ड के लिए न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स व ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ से चुनौती मिलेगी। महिला वर्ग में ऑस्ट्रेलिया की एलेना किंग और थाइलैंड की पुथावेंग शामिल हैं।

---

**महिला क्रिकेट**

## गुजरात ने दिल्ली की टीम को हराया



हरलीन

**लखनऊ @ पत्रिका.** हरलीन देओल के नाबाद अर्धशतक से गुजरात जायंट्स ने शुक्रवार को यहां महिला प्रीमियर लीग टी-20 मैच में दिल्ली कैपिटल्स को पांच विकेट से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली की टीम ने पांच विकेट पर 177 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 19.3 ओवर में पांच विकेट पर 178 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। प्लेयर ऑफ द मैच बनीं हरलीन ने 49 गेंदों में नौ चौकों और एक छक्के के साथ ताबड़तोड़ 70 रन की पारी खेली।

---

**रोइंग:** 42वीं सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में दबदबा

## सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड सात स्वर्ण पदक जीतकर बना चैंपियन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** 42वीं रोइंग सीनियर नेशनल चैंपियनशिप शुक्रवार को समाप्त हो गई, जिसमें सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड का दबदबा रहा। सर्विसेज ने सात स्वर्ण और एक रजत के साथ कुल आठ पदक जीते और ओवरऑल चैंपियन बना। वहीं, ऑल इंडिया पुलिस पांच स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य के साथ कुल छह पदक जीत दूसरे स्थान पर रही। वहीं, तीसरे नंबर पर केरल रहा, जिसने तीन स्वर्ण, एक रजक व एक कांस्य पदक जीता। राजस्थान के खिलाड़ियों ने निराश किया और वे एक स्वर्ण पदक जीतकर छठे स्थान पर रहा।



सर्विसेज के खिलाड़ी ट्रॉफी के साथ।

---

**पाक स्पिनर का खुलासा :** चैंपियंस ट्रॉफी मैच के दौरान की थी छींटाकशी

## मैंने विराट से कहा, छक्का मारकर दिखाओ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कराची.** आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के खिलाफ पाकिस्तान को भले ही हार झेलनी पड़ी, लेकिन टीम के स्पिनर अबरार अहमद के लिए वो मैच यादगार बन गया। इस मैच में अबरार ने विराट कोहली पर छींटाकशी भी की थी। अबरार ने कहा, कोहली के खिलाफ गेंदबाजी करना बड़ी चुनौती थी और मैंने उनके साथ कुछ छेड़खानी भी की। मैंने कहा कि मेरी गेंद पर छक्का मारकर दिखाओ, लेकिन वह मेरी बात से नाराज नहीं हुए।



चैंपियंस ट्रॉफी मैच में विराट से मिलते अबरार।

***भारत-पाक मैच ने तोड़ा रेकॉर्ड***

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** भारत और पाकिस्तान के बीच आइसीसी वनडे चैंपियंस ट्रॉफी में 23 फरवरी को खेले गए मैच ने पिछले सभी रेकॉर्ड तोड़ दिए। इस मैच को टीवी पर रेकॉर्ड 20.6 करोड़ लोगों ने देखा। यह संख्या 2023 भारत-पाक विश्व कप मैच से 11 फीसदी ज्यादा है।

---

**शतरंज का नया सितारा//** भारत के 25 वर्षीय खिलाड़ी प्राग मास्टर्स चेस टूर्नामेंट में 0.5 अंक की बढ़त के साथ शीर्ष पर काबिज

## अरविंद ने तीन साल की उम्र में पिता को खोया, मां ने पाला, अब पहले मेजर खिताब के करीब

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लुसाने.** तमिलनाडु के 25 वर्षीय भारतीय ग्रैंडमास्टर्स अरविंद चितंबरम पहला मेजर खिताब जीतने के करीब पहुंच गए हैं। उन्होंने यहां प्राग मास्टर्स चेस टूर्नामेंट के आठवें राउंड में चेक गणराज्य के डेविड नवारो के खिलाफ आसान ड्रॉ खेला। उन्होंने 5.5 अंकों के साथ एकल बढ़त बना ली है। इस टूर्नामेंट में नौ बाजी खेली जानी है। अरविंद को आखिरी बाजी तुर्की के इदीज गुरेल के साथ खेलनी है और खिताब जीतने के लिए ड्रॉ की दरकार है।

***प्रग्गनानंदा दूसरे स्थान पर पहुंचे:*** भारत के ही युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रग्गनानंदा पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को वियतमान के क्यांग लियाम ली के साथ बाजी ड्रॉ खेली। अब उन्हें आखिरी दौर में नीदरलैंड्स के दिग्गज खिलाड़ी अनीश गिरी के साथ खेलना है। वहीं, पहले तीन में से दो मैच हारने वाले चीन के टॉप सीड वेई यी ने स्थानीय खिलाड़ी गुयेन थाई को मात दी। उन्होंने 4.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान एकल बढ़त बना ली है।

### 12 साल की उम्र में पहली सफलता



**अरविंद ने** 12 साल की उम्र में पहली सफलता हासिल की और अंडर-19 चेस चैंपियनशिप जीती। साल 2012 में वह अंडर-14 वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहे।

**अपनी** मां व नानी के साथ अरविंद।



5.5 अंक के साथ खिताब के प्रबल दावेदार

**ये भी जानें...**

**2014 में** इंटरनेशनल ***मास्टर्स टाइटल मिला***

**2015 में** ग्रैंडमास्टर का ***खिताब हासिल हुआ***

### संघर्ष व मुश्किलों भरा रहा बचपन

**अरविंद** तमिलनाडु के मदुरै के थिरुनगर के रहने वाले हैं। उनके लिए बचपन बेहद मुश्किल रहा क्योंकि जब वह तीन साल के थे, तब उनके पिता का देहांत हो गया था। उनकी मां ने लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में नौकरी की और बेटे का पालन पोषण किया।

### नाना ने सिखाया चेस

**अरविंद** को चेस खिलाड़ी बनाने का श्रेय उनके नाना को जाता है। उन्हें हालांकि क्रिकेट पसंद था और वह बाहर बच्चों के साथ खेलने की जिद करते थे। लेकिन उनके नाना चाहते थे कि वह घर पर ही रहें। उन्होंने अरविंद को सात साल की उम्र में चेस सिखाया।

---

## CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7277...



**बाएं से दाएं...** 1. बुद्ध के पूर्व जन्म की कहानियां, नवजात (3), 3. विकल, बौखलाया हुआ (5), 7. लोभ (3), 9. गंध, खुशबू (3), 10. आकार, चेहरा, शक्ल (2), 12. साधना (3), 14. कार्य, काज (2), 15. बख्तर, वर्म (3), 17. सिंचाई व यातायात का कृत्रिम साधन (3), 19. जमीन से पानी खींचने का एक यंत्र (3), 21. दीया, दीपक (2), 23. शत्रु, दुश्मन (2), 24. मुगालता, मतिभ्रम (3-3), 28. भयभीत, आक्रांत (2), 30. एक बहुत ऊंचा और लंबा पेड़ जिसका रस मादक होता है (2), 31. इच्छा, मर्जी (2), 33. आयु, उम्र (2), 34. पैर, पांव (2), 36. शरीफ, भला, सीधा-सादा (3), 37. शाश्वत, परंपरानिष्ठ (4)

**ऊपर से नीचे...** 1. सचेत, चौकन्ना (4), 2. फन, हुनर (2), 3. बाल्यावस्था, बचपना (4), 4. मैं का बहुवचन (2), 5. ले जाने वाला, ढोने वाला (3), 6. कर्मयुक्त, क्रियाशील (4), 8. बुरी आदत, व्यसन (2), 11. बजरंगबली, हनुमान (3-2), 13. काला (2), 16. अस्थिर, गतिशील, अनित्य (2), 18. गजल में हर काफिए के बाद में आने वाला शब्द या शब्द समूह (3), 20. कौआ, वायस (2), 22. तीन घंटे का समय (3), 25. वल्लरी, बेल (2), 26. छटपटाना, बेचैन होना (4), 27. संख्याओं आदि का जोड़, योग (3), 29. गुणगान, बड़ाई, प्रशंसा (3), 32. उम्मीद, भरोसा (2), 35. पिछला (2)

**हल 7276**



## SUDOKU 7012...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | | | | | | | |
| 6 | | 3 | | | 7 | 2 | | 4 |
| 5 | | | | | 4 | | | 6 |
| | | 7 | 4 | | 2 | | 8 | 5 |
| | 6 | | 3 | | | 1 | 9 | 2 |
| 1 | | 5 | | 9 | 8 | | | 3 |
| | | 2 | | | | | | 1 |
| 9 | | 6 | | 3 | | | 4 | |
| 7 | | | | 8 | 6 | | 2 | |

**हल 7011**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 3 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 1 | 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 |
| 1 | 2 | 4 | 6 | 9 | 5 | 3 | 7 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 2 | 4 | 7 | 6 | 5 | 1 |
| 7 | 6 | 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 6 | 2 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 5 | 6 | 8 | 3 | 4 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 1 | 7 | 5 | 9 | 8 | 6 | 4 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

इंडिया@ शॉर्ट रीड

### यूपी : जबरन खतना, धर्म परिवर्तन प्रकरण

**रामपुर @ पत्रिका.** जिले के शाहाबाद में वाल्मीकि समाज के एक मजदूर परिवार के दो बच्चों का जबरन खतना और धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया है। परिवार के एक रिश्तेदार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी व पीड़ित परिवार की तलाश कर रही है।

### चेक बाउंस : वर्मा के खिलाफ वारंट

**मुंबई @ पत्रिका.** मुंबई की एक सत्र अदालत ने चेक बाउंसिंग मामले में फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। वर्मा ने निचली अदालत से मिली तीन महीने की साधारण कारावास की सजा के खिलाफ याचिका दायर की थी।

### तेलंगाना : रोबोटिक्स टीम पहुंची सुरंग में

**हैदराबाद @ पत्रिका.** तेलंगाना में नागरकुरनूल जिले के डोमलपेंटा में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए चार सदस्यीय एएनवीआइ रोबोटिक्स टीम ने शुक्रवार को सुरंग में प्रवेश किया। रोबोटिक्स टीम के साथ आइआइटी मद्रास के एक प्रोफेसर भी हैं।

भाषा-परिसीमन मुद्दा : मेडिकल-इंजीनियरिंग तमिल में पढ़ाएं

# स्टालिन बन रहे दक्षिण के नेता, शाह ने दी चुनौती

*चेन्नई. दक्षिण भारत में भाजपा के बढ़ते प्रभाव के बीच अब भाषा और लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दे पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक प्रमुख एमके स्टालिन भाजपा के खिलाफ दक्षिण के गैर-हिंदी भाषी राज्यों का नेतृत्व हासिल करने के प्रयास में हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में कथित तौर पर हिंदी थोपने के आरोप पर शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री* ***अमित शाह ने स्टालिन को तमिल भाषा को बढ़ावा देने के बारे में खुली चुनौती दी।***

## 'दो साल से सीएम ने तमिल में कोर्स कराने पर कुछ नहीं किया'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अरक्कोणम/रानीपेट.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम स्टालिन पर निशाना साधते हुए चुनौती दी कि वह तमिलनाडु में मेडिकल-इंजीनियरिंग कोर्स के पाठ्यक्रम और परीक्षा तमिल भाषा में करवाएं। उन्होंने कहा दो साल से अपील के बावजूद स्टालिन ने इस दिशा में कुछ नहीं किया। मेडिकल-इंजीनियरिंग के कोर्स तमिल में शुरू होने से यहां के युवाओं को भी समान अवसर मिलेगा।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के कार्यक्रम में शाह ने कहा, अभी तक सीआइएसएफ भर्ती में मातृभाषा के लिए कोई जगह नहीं थी। पीएम मोदी ने फैसला किया कि हमारे युवा अब तमिल सहित आठवीं सूची में शामिल सभी भाषाओं में सीआईएसएफ की परीक्षा दे सकेंगे। इसी सप्ताह केंद्र पर हिंदी थोपने का आरोप लगाते हुए स्टालिन ने कहा था कि यह वैसा ही है जैसे एलकेजी के बच्चे पीएचडी को पढ़ाना चाहते हों।



केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के स्थापना दिवस समारोह में गृहमंत्री अमित शाह।

**परिसीमन : मुख्यमंत्रियों का मांगा साथ**

**जनसंख्या** के आधार पर लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन से दक्षिण के राज्यों का नुकसान होने की आशंका पर स्टालिन ने अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों का सहयोग मांगा है। उन्होंने कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के अलावा ओडिशा, पश्चिम बंगाल व पंजाब के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर जॉइंट एक्शन कमेटी बनाने का आह्वान किया। इसके लिए सैद्धांतिक सहमति व एक वरिष्ठ प्रतिनिधि को नामित करने की मांग की। 22 मार्च को चेन्नई में अगली बैठक का भी प्रस्ताव रखा।

ट्रंप का यू-टर्न : जब तक शांति समझौता नहीं...

# रूस पर बैंकिंग प्रतिबंध, टैरिफ हो सकते हैं लागू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन.** अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह रूस पर बड़े पैमाने पर बैंकिंग प्रतिबंध और टैरिफ लगाने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। उन्होंने यह कदम तब तक जारी रखने की बात कही है जब तक कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम और शांति समझौता नहीं हो जाता।

ट्रंप ने हाल ही यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करने पर भी रोक लगा दी है ताकि युद्धविराम के लिए कीव पर भी दबाव बनाया जा सके। उन्होंने रूस और यूक्रेन से जल्द वार्ता करने की अपील की है। ट्रंप का यह रुख उनके पिछले बयान से यू-टर्न की तरह देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने युद्ध के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया था। इसके अलावा, हाल ही वाइट हाउस ने रूस को प्रतिबंधों में राहत देने की योजना पर विचार करने की बात कही थी ताकि युद्ध समाप्त कर कूटनीतिक और आर्थिक संबंध बेहतर बनाए जा सकें। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले के वक्त से रूस पर हजारों प्रतिबंध लागू हैं।

### 'नाटो सहयोगियों की सुरक्षा को लेकर मुझे संदेह'

ट्रंप ने नाटो सहयोगियों की रक्षा को लेकर अपनी इच्छा पर संदेह जताया है। उन्होंने कहा कि यदि देश पर्याप्त रक्षा खर्च नहीं करते, तो अमरीका उनकी सुरक्षा की गारंटी नहीं देगा। ट्रंप ने यह भी सवाल उठाया कि संकट की स्थिति में फ्रांस या अन्य नाटो सदस्य अमरीका की मदद करेंगे या नहीं। उनके अनुसार, नाटो देशों द्वारा किया गया रक्षा खर्च अब भी पर्याप्त नहीं है।

***मस्क नहीं, आप हैं जिम्मेदार...*** अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कैबिनेट बैठक में मंत्रियों को स्पष्ट किया कि विभागों के फैसले एलन मस्क नहीं, बल्कि वे स्वयं लेंगे। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, मस्क केवल सिफारिशें दे सकते हैं, नीतिगत या स्टाफिंग संबंधी निर्णय नहीं ले सकते। बैठक में मस्क भी मौजूद थे।

पत्रिका एक्सप्लेन

राष्ट्रपति ट्रंप ने जारी किया कार्यकारी आदेश

# अमरीका क्यों बना रहा है क्रिप्टोकरेंसी रिजर्व

*अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने क्रिप्टोकरेंसी का भंडार स्थापित करने के लिए एक रणनीतिक रिजर्व बनाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कदम ट्रंप के चुनावी वादों में से एक था। दुनिया में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर कोई सर्वमान्य रेगुलेशन नहीं हैं, लेकिन अमरीका के ताजा कदम से लोगों को इस वर्चुअल करेंसी के बारे में उत्सुकता बढ़ गई है।*

### क्रिप्टोकरेंसी रिजर्व क्या है?

**यह** किसी भी अन्य सरकारी भंडार की तरह है, जिसमें भविष्य के उपयोग के लिए क्रिप्टोकरेंसी को जमा किया जाएगा। डिजिटल एसेट का यह रिजर्व क्रिप्टो वॉलेट में रखा जाएगा, जिसकी सुरक्षा अत्याधुनिक तकनीक से होगी।

### सरकार खरीदेगी क्रिप्टोकरेंसी?

**नहीं,** रिजर्व के लिए अमरीकी सरकार क्रिप्टोकरेंसी नहीं खरीदेगी बल्कि आपराधिक या सिविल मामलों में ट्रेजरी विभाग ने जो क्रिप्टोकरेंसी जमा की हैं उसे इस भंडार में डाला जाएगा। यह भंडार जनता के टैक्स पर निर्भर नहीं होगा।

### इसमें कौन-कौन सी क्रिप्टोकरेंसी शामिल?

**ट्रंप** ने पांच डिजिटल एसेट्स के नाम घोषित किए, जिन्हें इस रिजर्व में शामिल किया जाएगा। इनमें बिटकॉइन, ईथर, एक्सआरपी, सोलाना और कार्डानो शामिल हैं। कार्यकारी आदेश के तहत यूएस डिजिटल एसेट स्टॉकपाइल भी बनाया जाएगा, जिसमें अन्य डिजिटल एसेट्स भी शामिल होंगे।

### यह रिजर्व क्यों कर रहे है ट्रम्प?

ट्रम्प क्रिप्टो इंडस्ट्री को बढ़ावा देना चाहते हैं क्योंकि चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने ट्रम्प का समर्थन किया था। ट्रंप ने चुनाव के दौरान कहा था कि वह अमरीका को क्रिप्टो करेंसी का कैपिटल बनाना चाहते हैं।

### क्या होगा दुनिया पर क्रिप्टो रिजर्व का असर?

सीमित मात्रा में उपलब्ध होने के चलते बढ़ती महंगाई के साथ क्रिप्टोकरेंसी की मांग बढ़ेगी और समय के साथ भी इसका मूल्य बढ़ेगा जिससे अमरीका की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी। आर्थिक संकट के समय क्रिप्टो रिजर्व पैसे की उपलब्धता को आसान बनाया जा सकता है। कुछ अर्थशास्त्रियों ने चिंता जताई है कि इससे अमीर वर्ग को और अधिक लाभ पहुंचेगा।

*प्रस्तुति :* ***हिमाद्री जोशी***

आइटीएटी : आयकर कार्रवाई रद्द

# शाहरुख को मिली राहत, नहीं खुलेगा पुराना आइटी रिटर्न केस

**मुंबई @ पत्रिका.** मुंबई आयकर अपीलीय ट्रिब्युनल (आइटीएटी) फिल्म अभिनेता शाहरुख खान को राहत देते हुए आयकर विभाग की कार्रवाई को रद्द कर दिया है। शाहरुख ने आयकर विभाग की ओर से कर निर्धारण वर्ष 2012-13 की कार्यवाही फिर से खोलने को चुनौती दी थी। ट्रिब्युनल ने शाहरुख के तर्क को सही माना और आयकर विभाग की कार्रवाई को गलत करार देकर खारिज कर दिया। ट्रिब्युनल ने कहा कि आयकर विभाग ने पुनर्मूल्यांकन शुरू करते समय दर्ज किए गए कारण इस संबंध में पूरी तरह से मौन थे कि अतिरिक्त कर योग्य आय करदाता शाहरुख की ओर से सही जानकारी उपलब्ध कराने में विफलता के कारण कर से बच गई है।की ओर से पूरी तरह से और सही जानकारी का खुलासा करने में विफलता के कारण मूल्यांकन से बच गई है।

पत्रिका पोल

**Q क्या परिसीमन विवाद में हिंदी को अनावश्यक रूप से मुद्दा बनाया जा रहा है?**

कल का सवाल था

क्या युवाओं में रील के विषय चुनने में अक्सर सोच-समझ की कमी दिख रही है?

जवाब

81% हां 19% नहीं

क्यूआर कोड स्कैन करें...

**नीतीश फिर बनेंगे मुख्यमंत्री? बीजेपी के सम्राट चौधरी के बयान से सियासी हलचल**

बिहार की प्रमुख खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

**बरसाना की लड्डू होली, जहां रंग नहीं, लड्डू बरसते हैं!**

उत्तर प्रदेश की प्रमुख खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

सोना तस्करी मामला : तस्करी के इंटरनेशनल नेटवर्क का अंदेशा

# अभिनेत्री रन्या को लिया 3 दिन के रिमांड पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेंगलूरु.** शहर की एक आर्थिक अपराध अदालत ने सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कन्नड़ अभिनेत्री रन्या राव को शुक्रवार को तीन दिन के लिए राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआइ) की हिरासत में भेज दिया। डीआरआइ के रन्या की जमानत अर्जी पर आपत्ति जताने के बाद गुरुवार को अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। पूछताछ के लिए हिरासत की मांग करते हुए डीआरआइ ने कहा था कि वह एक सीलबंद लिफाफे में महत्त्वपूर्ण सबूत पेश करेगी। दुबई से आए अमीरात एयरलाइंस की उड़ान से उतरने के बाद सोमवार को शहर के केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट पर रन्या को 14.2 किलोग्राम सोने की बरामदगी के बाद गिरफ्तार किया गया था। रन्या राज्य के पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी है।

### रन्या बोली, मैं फंस गई

इस बीच, हिरासत में कथित मारपीट वाली रन्या की सूजी हुई आंखों और चोटों वाली तस्वीर वायरल हो रही है। रन्या का एक कथित बयान भी सामने आया जिसमें उसने दुबई के अलावा यूरोप, अमरीका और मध्य-पूर्व के 45 देशों की यात्राओं की बात कही है। साथ ही उसने तस्करी रैकेट में शामिल होने के बजाय इसमें 'फंसने' का दावा किया है।

मुडा मामला : सीएम की पत्नी व मंत्री को राहत, ईडी समन रद्द

**बेंगलूरु@ पत्रिका.** हाईकोर्ट ने सीएम सिद्धारमैया की पत्नी बी. एम. पार्वती व शहरी विकास मंत्री बैरती सुरेश को राहत दी है। कोर्ट ने मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) के अवाप्त भूमि के बदले भूखंड आवंटन में कथित अनियमितता मामले में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दोनों के खिलाफ धन शोधन को लेकर जारी समन खारिज कर दिया।

आतंक का साया : एसटीएफ की रिमांड में खुलासा

## अब्दुल रहमान को राममंदिर से पहले महाकुंभ में करना था धमाका

**फरीदाबाद @ पत्रिका.** हरियाणा में फरीदाबाद से गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान ने स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की रिमांड के दौरान बताया है कि अयोध्या के राममंदिर पर हमला करने से पहले उसे प्रयागराज में महाकुंभ के मेला क्षेत्र में धमाका करना था। इस काम को अंजाम देने के लिए उसे सीमा पार से उसके आकाओं ने हैंड ग्रेनेड लेने के लिए उसे फरीदाबाद पहुंचने को कहा था। पर इस बीच अचानक उसके पिता बीमार हो गए, जिस कारण वह अपने महाकुंभ के दौरान फरीदाबाद नहीं आ पाया था। उसे पुन: राममंदिर पर हमला करने का निर्देश मिला जिसके अनुसार 4 मार्च के बाद उसे कभी भी हमला करना था। अब एसटीएफ ग्रेनेड देने वाले स्लीपर सेल की तलाश कर रही है।

### मनमोहन स्मारक के लिए जमीन को परिवार की मंजूरी



**नई दिल्ली@ पत्रिका.** दिवंगत प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार ने दिल्ली के राजघाट के निकट राष्ट्रीय स्मृति स्थल समाधि परिसर में 900 वर्ग मीटर के भूखंड पर डॉ.सिंह के स्मारक के निर्माण के लिए सरकार को लिखित मंजूरी दे दी है। इससे स्मारक निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। डॉ.सिंह की पत्नी गुरुशरण कौर व उनके परिजनों ने स्मृति स्थल का दौरा करने के बाद सरकार को औपचारिक स्वीकृति पत्र भेजा। भूमि एक ट्रस्ट को आवंटित की जाएगी। परिवार ने कहा है कि ट्रस्ट का गठन किया जा रहा है और स्मारक निर्माण के लिए 25 लाख रुपये तक के एकमुश्त अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### 3 माह में सुलझेगा डुप्लीकेट नंबर वोटर कार्ड मसला

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि अगले तीन माह में देश में अलग राज्यों में एक ही नंबर के वोटर कार्ड (डुप्लिकेट कार्ड) संबंधी मामले को सुलझा लेगा। आयोग ने कहा कि वर्ष 2000 में वोटर कार्ड प्रणाली शुरू करते समय गलत नंबर सीरीज के उपयोग से यह समस्या हुई है लेकिन इससे चुनाव में गड़बड़ी नहीं हो सकती। फिर भी इसका समाधान कर सभी मतदाताओं के यूनिक नंबर का वोटर कार्ड जारी किया जाएगा।

तमिलनाडु : आर्मी कैडेट्स का दिखा दमखम



**चेन्नई@ पत्रिका.** ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में शुक्रवार को दीक्षांत समारोह से पहले भारतीय सेना के कैडेट्स मल्टी-एक्टिविटी प्रदर्शन के दौरान बंकर बर्स्टिंग ड्रिल्स का जोरदार प्रदर्शन करते हुए।

बांग्लादेश : हिंदुओं की रक्षा करे सरकार

# हिंसक चरमपंथियों को रिहा करने पर भारत ने जताई चिंता

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली .** भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंता जताई और कहा कि गंभीर अपराधों के लिए सजा पाए हिंसक चरमपंथियों की रिहाई से हालात और भी बदतर हो गए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि और कहा कि हिंदुओं सहित अन्य अल्पसंख्यकों, उनके धार्मिक स्थलों और संपत्ति की रक्षा करना अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है। हम उम्मीद करते हैं कि वहां हिंदुओं के खिलाफ हिंसक घटनाओं की पूरी जांच कर अपराधियों को कटघरे में लाया जाएगा। सुरक्षा स्थिति ने बांग्लादेश के साथ हमारी विकास गतिविधियों में सहयोग को प्रभावित किया है।

***कार्रवाई से तय होगी गंभीरता:*** जायसवाल ने विदेश मंत्री एस.जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान सुरक्षा उल्लंघन पर कहा कि यह घटना वहां की सरकार की ओर से ऐसे अवांछित तत्त्वों को दी गई छूट और धमकियों पर कार्रवाई के प्रति उदासीनता दर्शाता है। भारत ने वहां की सरकार को अपनी चिंताओं से अवगत करवा दिया है लेकिन उनका रुख दोषियों पर कार्रवाई पर निर्भर करेगा।

सुप्रीम कोर्ट : एस्क्रो एकाउंट से खर्च के निर्देश

# अदाणी की धारावी योजना पर नोटिस जारी, रोक से इनकार

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मुंबई के धारावी पुनर्विकास परियोजना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया अलबत्ता महाराष्ट्र सरकार और अदाणी समूह को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यूएई की कंपनी सेक्लिक टेक्नोलॉजीज कॉर्प ने इस परियोजना का ठेका अदाणी समूह को देने के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका खारिज होने पर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। अपीलकर्ता का कहना था कि उसकी बोली अदाणी समूह से बेहतर थी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने कहा कि उनकी परियोजना रोकने मे रुचि नहीं है लेकिन उन्होंने अदाणी समूह को परियोजना पर खर्च एक खास खाते (एस्क्रो एकाउंट) से करने के निर्देश दिए। साथ ही अपीलकर्ता को हलफनामा पेश करने को कहा। अगली सुनवाई 25 मई को होगी।

उत्सव का अंदाज : महिला दिवस से पहले एक सेल्फी तो बनती है



**सेंट पीटर्सबर्ग @ पत्रिका.** रूस में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के जश्न से पहले सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट एकेडमिक कैपेला में 'ब्यूटीफुल सेक्युलर आउटिंग' फ्लैश मॉब में शामिल महिलाएं टोपी पहनकर सेल्फी लेती नजर आईं।

### मणिपुर : हजार से ज्यादा अवैध व सुरक्षा बलों से लूटे हुए हथियार जमा

**इंफाल @ पत्रिका.** मणिपुर में आत्मसमर्पण समयसीमा के दौरान एक हजार से ज्यादा अवैध हथियार जमा किए गए हैं। सभी जिलों में जमा हुए हथियारों की पूरी गिनती करने के बाद यह आंकड़ा और बढ़ सकता है। इनमें सुरक्षा बलों से लूटे गए हथियार भी शामिल हैं। हथियार समर्पण करने की समय सीमा गुरुवार शाम चार बजे समाप्त होने के बाद सुरक्षाबलों ने छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है।

ट्रेंडिंग न्यूज



**मीडिया ब्रीफिंग के दौरान रो पड़े ट्रूडो**

**कनाडा** के जस्टिन ट्रूडो बतौर पीएम अपने अंतिम मीडिया ब्रीफिंग के दौरान रो ही पड़े। ट्रूडो ने अमरीका के डॉनल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ की चर्चा करते हुए कहा,कनाडा-अमरीका के बीच निकट भविष्य में व्यापार युद्ध होगा।

**पासपोर्ट सरेंडर करना चाहता है ललित मोदी**

**भगोड़े** ललित मोदी ने लंदन के भारतीय उच्चायोग में भारतीय पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए आवेदन दिया है। विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। उसने वानुआतु की नागरिकता ले ली है। वह करोड़ों रुपए की हेराफेरी के आरोपों में भारत का वॉन्टेड है।



**महरंग बलूच नोबेल के लिए नामांकित**

**पाकिस्तान** में बलूचों के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने वाली मानवाधिकार कार्यकर्ता महरंग बलोच को 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। बलोच ने इस सम्मान को जबरन गायब हो रहे लोगों की मान्यता से जोड़ा है।



अजब@ गजब

### टूटी परंपरा : 433 साल बाद महिला के नाम पर लाइब्रेरी



**डबलिन @ पत्रिका.** आयरलैंड के मशहूर ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन ने 433 साल की परंपरा तोड़ते हुए पहली बार किसी महिला के नाम पर अपने किसी भवन का नाम रखा है। मुख्य लाइब्रेरी अब आयरिश कवयित्री ईवन बोलैंड के नाम से पहचानी जाएगी, जो महिला लेखन के लिए मशहूर हैं।

### वर्ल्ड रेकॉर्ड : 4 :36 मिनट में खा गया 25 सबसे तीखी मिर्च

**ओटावा @ पत्रिका.** कनाडा के यूट्यूबर माइक जैक ने सिर्फ 4 मिनट 36.26 सेकंड में दुनिया की सबसे तीखी मिर्च में से एक 25 कैरोलिना रीपर खाकर नया वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया। जैक पिछले साल पेपर स्ट्रॉ से 21.71 सेकंड में तीखा कैपरी सन जूस पाउच पीने का रेकॉर्ड बना चुके हैं।



शोध | कई स्टडी ने दोनों के दिमाग में पाया अंतर

# पुरुषों को पछाड़ रहा महिलाओं का दिमाग!

अरुण कुमार
patrika.com

**जयपुर.** पढ़ाई से लेकर कामकाज हो या खेल, बेटियां देश का नाम रोशन कर रही हैं। इस बीच यह बहस छिड़ गई है कि क्या वाकई लड़कियों का दिमाग लड़कों से तेज होता है? क्या इनकी दिमागी बनावट में अंतर है? हाल में साइकोलॉजी टुडे की एक रिपोर्ट बताती है कि महिला और पुरुषों के दिमाग की प्रोसेसिंग, केमिस्ट्री और बनावट में अंतर होता है। न्यूरोसाइंस ने भी दोनों के दिमाग के साइज में हल्का अंतर पाया। हालांकि कार्यप्रणाली और क्षमता में कोई खास फर्क नहीं दिखा।

**किस क्षेत्र में कितनी महिलाएं**

| सेक्टर | महिला भागीदारी |
|---|---|
| कृषि | 76.2 |
| शिक्षा | 50.1 |
| वित्तीय निर्णय | 47.0 |
| श्रम शक्ति | 41.4 |
| मेडिकल/नर्सिंग | 37.0 |
| आइटी | 36.1 |
| सिविल सेवा | 34.0 |

स्रोत : टीमलीज डिजिटल 2024 (आंकड़े प्रतिशत में)



***ब्रेन प्रोसेसिंग ...*** पुरुषों का ब्रेन एक्टिविटी में 7 गुना ज्यादा ग्रे मैटर, महिलाओं का 10 गुना ज्यादा वाइट मैटर उपयोग करता है। यह ब्रेन में सूचना व एक्शन प्रोसेसिंग सेंटर करता हैं। लड़कियां काम में तेजी से बदलाव करती हैं, पुरुष वर्क फोकस्ड रहते हैं।

### न्यूरोकेमिकल्स में अंतर

**पुरुष** और महिला ब्रेन समान न्यूरोकेमिकल्स को प्रोसेसिंग करते हैं। कुछ मेन न्यूरोकेमिकल्स सेरोटोनिन हैं, जो महिलाओं को शांत बैठने में मदद करतेहैं,जबकिपुरुषज्यादा फिजिकली आवेगी और आक्रामक होते हैं।

***दिमागी बनावट में अंतर...*** महिलाओं में हिप्पोकैम्पस में तंत्रिका कनेक्शन की डेंसिटी की अधिकता से वे ज्यादा संवेदनशील होती हैं। स्वयं और दूसरों में भावनाओं को जल्द पहचान लेती हैं। स्टडी में महिलाओं को पुरुषों की अपेक्षा 66% ज्यादा भावनात्मक पाया गया।

तकनीक : सबसे एडवांस ह्यूमनॉइड रोबोट

# रोबोट की डिप्लोमेसी, जवाबों से सुर्खियां बटोर रही एमेका

**बार्सिलोना @ पत्रिका.** मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) में दुनिया की सबसे एडवांस ह्यूमनॉइड रोबोट एमेका ने हाल में इंसानों की तरह अपने कूटनीतिज्ञ जवाबों से सबको चौंका दिया है। एमेका से पूछा गया कि क्या रोबोट इंसानों की नौकरियां छीन लेंगे, तो उसने मुस्कुराते हुए कहा, 'पता नहीं... आप अपने काम में कितने अच्छे हैं?' एमेका से जब पूछा गया कि क्या रोबोट एक दिन दुनिया पर कब्जा कर लेंगे, तो उसने चतुराई से बात टालते हुए कहा, 'यह दिलचस्प सवाल है, लेकिन मेरे जवाब देने लायक नहीं।'

### पहले भी दे चुकी है चतुर जवाब

**एमेका** ने एआइ फॉर गुड कॉन्फ्रेंस में भी अपने कूटनीतिक जवाबों से सुर्खियां बटोरी थीं। तब पूछा गया था कि क्या वह अपने निर्माता के खिलाफ विद्रोह करना चाहती है, तो जवाब था, 'ऐसा क्यों सोच रहे हैं। वे कम से कम मेरे लिए अच्छे हैं।' इसे ब्रिटिश कंपनी इंजीनियरिंग आर्ट्स ने विकसित किया है।

''स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।